

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

थाई हाई स्लिट स्कर्ट में हुमा ...8



लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

मंगलवार, 10 जनवरी 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 10 अंकः 21 | पृष्ठ 8 | आमंत्रण मूल्य 2/—रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड— SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड—133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## प्रवासी भारतीय सम्मेलनः सूरीनाम के राष्ट्रपति बोलेः जननी और मातृभूमि स्वर्ग से बढ़कर, गुयाना के राष्ट्राध्यक्ष ने पीएम मोदी को सराहा

इंदौर । इंदौर में 97 प्रवासी भारतीय सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। इस सम्मेलन में सुरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिकाप्रसाद संतोखी मुख्य अतिथि हैं। अपने संबोधन की शुरुआत चंद्रिकाप्रसाद संतोखी ने हिंदी में की तथा साथ ही कहा कि जननी और मातृभूमि स्वर्ग से भी बढ़कर है। सुरीनाम के राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मां के निधन पर भी अपनी संवेदना प्रकट की। उन्होंने प्रवासी भारतीय सम्मेलन में मुख्य अतिथि बनाए जाने को लेकर भारत सरकार और मध्यप्रदेश का भी आभार प्रकट किया। इसके साथ ही उन्होंने भारत के साथ मजबूत रिश्ते बनाने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता भी जताई। उन्होंने कहा कि भारत आजादी का अमृत काल मना रहा है। इस आयोजन का भी थीम ही सामयिक। अमृत काल नए युग की शुरुआत है। अमृत हमारे पूर्वजों की सदियों की मेहनत का नतीजा है। सूरीनाम राष्ट्रपति ने कहा कि आज, भारत में सबसे स्वच्छ शहर के रूप में जाने जाने वाले और स्मार्ट शहरों में से एक के रूप में विकसित, मंत्रमुग्ध करने वाले इंदौर और खूबसूरत एमपी की धरती पर पैर रखना मेरा सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि कैरेबियन और भारतीय डायस्पोरा के लिए, कैरिबियन में



हिंदी, संस्कृति आदि में प्रशिक्षण के लिए संस्थान स्थापित किया जा सकता है। कैरेबियन में फिल्म उद्योग का समर्थन करने के लिए अकादमी जहां डायस्पोरा युवाओं को प्रतिभा दिखाने, योग, आयुर्वेद, आध्यात्मिकता को जीवन के तरीके के रूप में प्रशिक्षित करने का अवसर मिल सकता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में प्रवासी परियोजनाओं और कार्यक्रमों के लिए प्रवासी कोष बनाया जाना चाहिए। हमारे देश के विभिन्न स्थानों में प्रशिक्षण केंद्रों, स्कूलों की स्थापना हिंदी भाषा सीखने के साथ—साथ धर्मों और संस्कृति और हमारी परंपरा के बारे में जानने के लिए शुरू की जानी चाहिए। चंद्रिकाप्रसाद संतोखी ने कहा कि डायस्पोरा देशों के लिए आधुनिक तकनीक में कैरेबियन हाई—टेक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना का स्वागत किया जाना चाहिए। मेरा देश सूरीनाम उन संस्थानों में से एक की मेजबानी करने को तैयार है। इस सम्मेलन में शामिल गुयाना के राष्ट्रपति मोहम्मद इरफान अली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से काफी प्रभावित नजर आए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के नारे को सराहा। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि इसके बिना कोई भी आगे नहीं बढ़ सकता है। भारत प्रतिभाओं को निखारने में दुनिया में नंबर वन है। हम प्रवासियों के लिए भारत द्वारा चलाए जा रहे कई कार्यक्रमों से काफी कुछ सीख रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री के मां के निधन पर दुख जताते हुए कहा कि मोदी का हम आदर करते हैं कि जिस तरीके से उन्होंने अपनी जिम्मेदारी को संभाला, वह काबिले तारीफ है। इरफान अली ने कहा कि भारत के इतिहास में यह एक महत्वपूर्ण दिन है जब एमके गांधी दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटे। इस दिन, 107 साल पहले एक बार शारीरिक रूप से कमजोर दिखने वाले लेकिन नैतिक रूप से दृढ़ व्यक्ति वापस लौटे और भारत की आजादी के लिए संघर्ष तेज किया। उन्होंने कहा कि भारत ने अन्य विकासशील देशों की सहायता के लिए अपनी स्वतंत्रता के लाभों का उपयोग किया। पीएम मोदी, हम आपके ऋणी हैं। जब दुनिया ने अपनी सीमाओं को बंद कर दिया और वैश्वीकरण विफल हो गया, तो आपने दिखाया कि वैश्वीकरण अभी भी सफल हो सकता है और जब सबसे कठिन समय आता है तब भी प्यार होता है। अली ने कहा कि जब दुनिया को टीका नहीं मिला और आपने ब्टप्क—19 महामारी की चुनौती का सामना किया, तो आपने दुनिया को दिखाया कि असली प्यार और उम्मीद क्या है जब आपने बाकी दुनिया के साथ टीका साझा किया।

## धर्मांतरण को सुप्रीम कोर्ट ने बताया गंभीर मुद्दा

### कहाः इसे नहीं दिया जाना चाहिए राजनीतिक रंग

नई दिल्ली। धर्मांतरण को लेकर आज एक बार फिर से सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने साफ तौर पर कहा है कि धर्मांतरण एक गंभीर मुद्दा है और इसे राजनीतिक रंग नहीं दिया जाना चाहिए। दरअसल, देश भर में जबरन धर्म परिवर्तन फिलहाल बड़ा मुद्दा बनता जा रहा है। कुछ राज्यों में इसके खिलाफ कानून जरूर बने हैं। लेकिन यह लगातार कई राज्यों में फैल चुका है। इसीलिए जबरन धर्मांतरण के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट से एक सख्त कानून बनाने की मांग की गई है। इसी को लेकर सुप्रीम कोर्ट में आज फिर से सुनवाई हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने आज भी जबरन और धोखे से कराए जा रहे धर्मांतरण पर चिंता जाहिर की है। सुप्रीम कोर्ट ने साफ तौर पर कहा कि देश भर में हो रहे ऐसे मामलों से हम चिंतित हैं और इसे राजनीतिक रंग नहीं दिया जाना चाहिए। इसके साथ ही कोर्ट ने छलपूर्ण धर्मांतरण को रोकने के लिए केंद्र और राज्यों को कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश देने का आग्रह करने वाली याचिका पर अटॉर्नी जनरल



आर वेंकटरमणी की मदद मांगी। न्यायमूर्ति एम आर शाह और न्यायमूर्ति सी टी रविकुमार की पीठ ने वेंकटरमणी से उस मामले में पेश होने के लिए कहा, जिसमें याचिकाकर्ता ने भय, धमकी, उपहार और मौद्रिक लाभ के जरिए धोखाधड़ी के माध्यम से कराए जाने वाले धर्मांतरण पर रोक लगाने का आग्रह किया है। इससे पहले 5 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट में इस मामले पर सुनवाई हुई थी। उस समय भी सुप्रीम कोर्ट ने साफ तौर पर कहा था कि धर्म चुनने का अधिकार सभी को है लेकिन धर्मांतरण करवाना बिल्कुल भी ठीक नहीं है। सुनवाई की शुरुआत में, तमिलनाडु की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता पी विल्सन ने याचिका को राजनीतिक रूप से प्रेरित जनहित याचिका कहा। उन्होंने कहा कि राज्य में इस तरह के धर्मांतरण का कोई सवाल ही नहीं है। हालांकि, पीठ ने इस पर आपत्ति जताई और कहा कि आपके इस तरह उत्तेजित होने के अलग कारण हो सकते हैं। अदालती कार्यवाही को अन्य चीजों में मत बदलिए।... हम पूरे राज्य के लिए चिंतित हैं। यदि यह आपके राज्य में हो रहा है, तो यह बुरा है। यदि नहीं हो रहा, तो अच्छा है। इसे एक राज्य को लक्षित करने के रूप में न देखें। इसे राजनीतिक मुद्दा न बनाएं। अदालत अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें छलपूर्ण धर्मांतरण को नियंत्रित करने के लिए केंद्र और राज्यों को कड़े कदम उठाने का निर्देश देने का आग्रह किया गया है। शीर्ष अदालत ने हाल ही में कहा था कि जबरन धर्मांतरण राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर सकता है और नागरिकों की धार्मिक स्वतंत्रता को प्रभावित कर सकता है।

## भारत जोड़ो यात्राः हरियाणा में राहुल गांधी से मिले राकेश टिकैत, यूपी में यात्रा में नहीं हुए थे शामिल

चंडीगढ़। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा फिलहाल हरियाणा में है। इस यात्रा का नेतृत्व राहुल गांधी कर रहे हैं। हरियाणा के कुरुक्षेत्र में राहुल गांधी और किसान नेता राकेश टिकैत की मुलाकात हुई है। हालांकि, राकेश टिकैत उत्तर प्रदेश में इस यात्रा में शामिल नहीं हुए थे। कांग्रेस की ओर से राकेश टिकैत को यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित भी किया गया था। हालांकि उस वक्त राकेश टिकैत ने यात्रा में शामिल होने से इंकार कर दिया था। उस वक्त राकेश



टिकैत ने साफ तौर पर कहा था कि वह भारत जोड़ो यात्रा में भाग नहीं लेंगे। हालांकि, उन्होंने यह जरूर कहा था कि राहुल गांधी के मार्च में कार्यकर्ता भाग लेने के लिए स्वतंत्र हैं। लेकिन अध्यक्षों के पद से ऊपर के पदाधिकारी इस में भाग नहीं लेंगे। आपको बता दें कि भारतीय किसान यूनियन के राकेश टिकैत राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं। उत्तर प्रदेश में भारत जोड़ो यात्रा 3 जनवरी को पहुंची थी। दूसरी ओर भारतीय किसान यूनियन के प्रमुख नरेश टिकैत ने भी राहुल गांधी को उनकी यात्रा के लिए बधाई पत्र दिया था। नरेश टिकैत ने कहा था कि यह यात्रा 100 दिन वैचारिक क्रांति लेकर आए हैं। उन्होंने इस यात्रा को प्रेरणादायक पर बताया था। साथ ही साथ कहा था कि इस यात्रा ने किसानों के मुद्दे को उजागर किया है। यह स्वतंत्र भारत के लिए वैसे ही प्रेरणादायक है जैसे महात्मा गांधी ने दांडी मार्च किया था और स्वतंत्रता से पहले देश को प्रेरित किया था। इससे पहले पूर्व सेना प्रमुख जनरल दीपक कपूर और रक्षा सेवा से सेवानिवृत्त कई शीर्ष अधिकारी रविवार को राहुल गांधी के नेतृत्व वाली "भारत जोड़ो यात्रा" में शामिल हुए थे।

### भारत जोड़ो यात्रा' भय और नफरत के खिलाफ हैः राहुल गांधी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि उनकी 'भारत जोड़ो यात्रा' समाज में फैलाई जा रही नफरत और भय के साथ—साथ बेरोजगारी एवं महंगाई के खिलाफ है। गांधी ने यात्रा को लेकर कहा, "हम इसे 'तपस्या' के रूप में देख रहे हैं।" उन्होंने सलाह दी कि पैदल मार्च तपस्या और आत्म—चिंतन के लिए है। उन्होंने कहा, "कांग्रेस तपस्या में विश्वास करती है जबकि भाजपा पूजा का संगठन है।" कांग्रेस मे पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा और आरएसएस तपस्या का सम्मान नहीं करते हैं, बल्कि वे चाहते हैं कि उनकी पूजा करने वाले लोगों का ही सम्मान हो।

## चीनी मिलों को वरुण गांधी का अल्टीमेटम, किसानों का भुगतान नहीं हुआ तो...

नई दिलली। भाजपा सांसद वरुण गांधी ने चीनी मिलों से



किसानों का बकाया चुकाने या विरोध का सामना करने के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी है। गांधी ने अपने संसदीय क्षेत्र पीलीभीत के तहत आने वाले बहेरी विधानसभा क्षेत्र के अर्सियाबोज गांव में एक सार्वजनिक समारोह में कहा कि अगर चीनी मिलों ने तुरंत किसानों को बकाया भुगतान करना शुरू नहीं किया, तो गन्ना उत्पादकों द्वारा उनके गेट पर एक विरोध सभा आयोजित की जाएगी। उन्होंने खासतौर पर दो चीनी मिलों का नाम लिया। वरुण गांधी ने अपने संसदीय क्षेत्र के बहेड़ी विधानसभा क्षेत्र के अर्सियाबोज गांव में एक जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान ये बात कही है। उन्होंने देश में बेरोजगारी के परिदृश्य पर भी सवाल उठाए। "एक करोड़ सरकारी पद खाली पड़े हैं, सरकार को इन पदों को भरना चाहिए। हम मदद के लिए तैयार हैं।

## जनसंख्या नियंत्रण पर बोले नीतीश— मर्द लोग रोज—रोज करते ही रहता है, सुशील मोदी ने बताया सड़क छाप बयान

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने एक बयान की वजह से सुर्खियों में है। दरअसल, नीतीश कुमार समाधान यात्रा के तहत वैशाली में थे। यहीं पर जनसंख्या नियंत्रण को लेकर एक विवादास्पद बयान नीतीश कुमार ने दे दिया। अब नीतीश कुमार के इसी बयान को भाजपा बड़ा मुद्दा बना चुकी है। इस पर बिहार में राजनीतिक बवाल भी जबरदस्त तरीके से जारी है। नीतीश कुमार के इस बयान पर भाजपा उन पर जबरदस्त तरीके से हमलावर भी है। आज कभी नीतीश कुमार के बेहद करीबी रहे भाजपा नेता



सुशील कुमार मोदी ने भी उन पर पलटवार किया है। सुशील कुमार मोदी नीतीश कुमार के बयान को सड़क छाप बताया है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने कल जैसा बयान दिया ये एक सड़क छाप बयान है। एक ब्ड से ये अपेक्षा नहीं की जाती कि वो सेक्सिस्ट बयान दें। भाजपा नेता ने आगे कहा कि ये ठीक है कि महिलाओं के शिक्षित होने से परिवार नियोजन को बढ़ावा मिलेगा मगर उन्होंने पुरूषों पर जो हल्की टिप्पणी की वो बहुत अपमानजनक है। पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण के मुद्दे पर नीतीश कुमार ने जिस तरह से महिलाओं पर सेक्सी कमेंट किया है, वह शर्मनाक है। उन्हें इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। मोदी ने कहा कि नीतीश कुमार को लैंगिक भेदभाव और कामुकता से भरा बयान अविलंब वापस लेना चाहिए। भाजपा नेता और बिहार विधान परिषद में नेता विपक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि कुशासन कुमार ने जिन अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया वह संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है। ऐसे शब्दों का प्रयोग कर वह मुख्यमंत्री पद की गरिमा को कलंकित कर रहे हैं। वहीं, भाजपा के अमित मालवीय ने कहा कि यह सच है कि शिक्षित महिलाओं का अपने शरीर पर अधिक अधिकार होता है और परिवार नियोजन के मामलों में उनका अधिकार अधिक होता है। लेकिन बतौर सीएम नीतीश कुमार इसे बेहतर तरीके से फ्रेम कर सकते थे।

## कोहरे के कारण रेल सेवा प्रभावित, 260 ट्रेनों का परिचालन रद्द

नयी दिल्ली। खराब मौसम के कारण सोमवार को 260 ट्रेनों



का परिचालन रद्द किया गया है। रेलवे ने यह जानकारी दी। सोमवार सुबह पंजाब, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार तक कोहरा छाया रहा जिससे दृश्यता काफी कम हो गई और सेवाएं प्रभावित हुईं। रेलवे के एक अधिकारी ने बताया, " कुल 267 ट्रेनों का परिचालन रद्द किया गया है जिसमें 82 एक्सप्रेस ट्रेन,140 यात्री ट्रेन तथा 40उप नगरीय ट्रेन शामिल हैं।" इससे पहले रविवार को कोहरे के कारण 335 ट्रेन विलंब से चल रही थीं, 88 का परिचालन रद्द किया गया था और 31 का मार्ग परिवर्तित किया गया। बठिंडा और आगरा में दृश्यता का स्तर शून्य मीटर रहा, पटियाला, चंडीगढ़, अंबाला, भिवानी, सफदरजंग, रिज, गंगानगर, वाराणसी, फुर्सतगंज और भागलपुर में 25 मीटर वहीं हिसार, करनाल, पालम, मेरठ, लखनऊ, बहराइच और पटना में 50 मीटर रहा।






## मोदी बनाम केजरीवाल या राहुल से सीधा बीजेपी को होगा फायदा, विपक्ष के पीएम फेस पर ओवैसी ने कही बड़ी बात

हैदराबाद। ऑल इंडिया मजलिस—ए —इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा है कि अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ किसी खास चेहरे को खड़ा किया जाता है तो 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को विपक्षी ताकतों पर स्पष्ट बढ़त मिलेगी। समाचार एजेंसी एएनआई के साथ एक पॉडकास्ट कार्यक्रम में बात करते हुए एआईएमआईएम प्रमुख ने कहा कि बीजेपी को हराने के लिए विपक्ष को प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में एकजुट होने की जरूरत है। ओवैसी ने कहा कि विपक्ष को सभी 540 संसदीय क्षेत्रों के लिए कड़ी टक्कर देनी चाहिए। अगर विपक्ष का एक भी चेहरा भाजपा के खिलाफ



लड़ता है, तो दूसरे को फायदा होगा। अगर यह मोदी बनाम (अरविंद) केजरीवाल या राहुल गांधी है, तो पीएम को फायदा होगा। 2019 में विपक्ष ने मोदी सरकार को बेदखल करने के लिए एक महागठबंधन बनाया था। हालाँकि, गठबंधन अपने उद्देश्य में सफल नहीं हुआ और अंततः टूट गया। अब 2024 के लोकसभा चुनावों पर ध्यान केंद्रित करने के साथ, आप ने हाल ही में दावा किया कि 2024 की लड़ाई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच होगी। आप ने दावा किया कि भाजपा और पीएम मोदी केजरीवाल की बढ़ती लोकप्रियता, राष्ट्रीय राजधानी में उनके शासन के मॉडल और देश में आप के बढ़ते चुनावी प्रभाव से हिल गए हैं। भाजपा के विरोधी तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने भी अपनी पार्टी, तेलंगाना राष्ट्र समिति को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) में फिर से तैयार किया और भगवा पार्टी को पछाड़ने के लिए एक राष्ट्रीय पार्टी के रूप में मान्यता प्राप्त की। यह पूछे जाने पर कि क्या तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पीएम मोदी के खिलाफ खड़ा किया जाना चाहिए, एआईएमआईएम प्रमुख ने कहा कि ममता बनर्जी (हाल ही में) ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ बैठक की। पश्चिम बंगाल के सीएम ने पहले सभी विपक्षी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को एक साथ आने और 2024 में भाजपा के खिलाफ एकजुट लड़ाई लड़ने का आह्वान किया था।

# ब्लॉक अध्यक्ष कुलदीप सिंह के नेतृत्व में ग्राम प्रधानों ने 15 सूत्री मांगों को सौंपा ज्ञापन

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। विकासखंड श्रीदत्तगंज क्षेत्र के ग्राम प्रधानों ने ब्लॉक अध्यक्ष श्रीदत्तगंज कुलदीप सिंह के नेत्रत्व में 15 सूत्रों को लेकर एक ज्ञापन खांड विकास अधिकारी श्रीदत्तगंज को सौंपा जिसमें प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर आगामी 9 जनवरी दिन सोमवार से सभी ब्लॉक परिसरों में काम बंद कर अनिश्चित कालीन हड़ताल का निर्माण लिया गया है ।जिसमें सरकार द्वारा आयोजित ग्राम चौपाल कार्यक्रम का भी पूर्णतया बहिष्कार किया जाएगा तथा अनिश्चित कालीन धरने की प्रमुख मांगे इस प्रकार है। (1) बलरामपुर नेपाल से सटा जिला है जहां नेटवर्क की गंभीर समस्या रहती है। मोबाइल से हाजिरी नहीं लग पा रही है। अतरू मोबाइल मांनिटरिंग व्यवस्था पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा पुरानी व्यवस्था ही लागू रहे (2)मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के क्रम में मनरेगा में 5 लाख रुपये के वित्तीय स्वीकृति के अधिकार पंचायतों को और मनरेगा के भुगतान हेतु ग्राम प्रधान को डोंगल प्रदान किया जाये जिससे भुगतान पंचायत द्वारा हि किया जा सके ।(3) मनरेगा का पैसा ग्राम पंचायतों के खाते में भेजा जाये जिससे लेबर व मेटेरियल का भुगतान सुगमता से किया जा सके (4)जनपद में मनरेगा द्वारा कराये गये कार्यों का बकाया मैटेरियल व लेबर के पैसे का भुगतान तत्काल कराया जाये (5) केंद्रीय वित व राज्य वित कि धनराशि पंचायतों के वर्तमान आबादी के 5 गुना बढ़ाई जाए (6)ग्राम प्रधान और अन्य ग्राम पंचायत के संविदा कर्मियों का मानदेय,विद्युत विल का भुगतान हेतु अलग से धनराशि पंचायतों को उपलब्ध कराई जाये (7) ग्राम पंचायत सचिवालय के कुशल संचालन हेतु 2 लाख रुपये प्रति वर्ष ग्राम निधि में उपलब्ध कराई जाये (8)ग्राम रोजगार सेवकों का तबादला एक से दुसरे पंचायतों में करने कि निति बनाई जाये (9)ग्राम प्रधान को न्यूनतम मानदेय 30000 तिस हजार प्रति माह प्रदान किया जाये (10)ग्राम सचिवों के तैनाती हेतु तत्काल कलेस्टर व्यवस्था समाप्त कि जाये। नई नियुक्ति कर प्रति पंचायत में एक स्थाई सचिव तैनात किए जाये (11)ग्राम पंचायत को कार्यदाई संस्था माना जाये और प्रति ग्राम पंचायत एक स्थाई जेई की तैनाती प्रदान कि जाये (12) ग्राम पंचायत कि शिक्षा समिति को मूल समिति मानते हुए विद्यालय प्रबंध समिति को तत्काल समाप्त किया जाये (13) ग्राम प्रधानों के अनुरोध पर शस्त्र लाईसेंस वरियता के आधार पर प्रदान किया जाये (14)ग्राम पंचायत के भूभाग पर बिना पंचायत कि अनाधिपत्ति प्रमाण पत्र के किसी भी कार्यदाई संस्था को कार्य करने कि अनुमति प्रदान न कि जाये (15)अन्य मांग ब्लॉक वार समस्या के आधार पर जोड़े जा सकते है इनही सब मांगों को लेकर ग्राम प्रधानों द्वारा खंड विकास अधिकारी श्रीदत्तगंज को ज्ञापन सौंपा गया इस अवसर पर विकास खंड श्रीदत्तगंज के अधिकांश ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

## शादी का झांसा देकर नाबालिक के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को 10 वर्ष की कठोर कारावास

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। मुकदमा सीतराम पुत्र राम पियारे जयसवाल निवासी आदिनगर देवारी खेड़ा थाना रेहरा बाजार बलरामपुर की लिखित तहरीरी सूचना के आधार पर कि अभियुक्त रामचंद्र वर्मा पुत्र रामजस वर्मा आदि नगर देवारी खेड़ा थाना रेहरा बाजार द्वारा वादी की पुत्री के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करना के आधार पर थाना रेहरा पर पंजीकृत मु0अ0सं0– 141ध्2014 धारा– 376,506 भा0द0वि0 व 4 पाक्सो एक्ट बनाम रामचंद्र वर्मा पुत्र रामजस वर्मा आदि नगर देवारी खेड़ा थाना रेहरा बाजार जनपद बलरामपुर के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत हुआ जिसके अभियोग की विवेचना तत्कालीन थानाध्यक्ष श्री अखिलेश कुमार मिश्रा थाना रेहरा बाजार द्वारा की गयी व आरोप पत्र मा0 न्यायालय प्रेषित किया गया। न्यायालय में दौराने विचारण अभियोग की मॉनीटरिंग सेल प्रभारी के0के0 यादव ,विशेष लोक अभियोजक पवन कुमार वर्मा एवं क्षेत्राधिकारी उतरौला श्री उदयराज सिंह द्वारा प्रभावी पैरवी कर अभियुक्त को मा0 न्यायालय ॊश्रध्स्पे0 जज पाक्सो बलरामपुर द्वारा उपरोक्त धाराओं के अपराध में अभियुक्त उपरोक्त को 10 वर्ष के कठोर कारावास व 25000 रु के अर्थदण्ड की सजा सुनायी गयी।

## पाक्सो एक्ट में अभियुक्त गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। थाना कोतवाली देहात जनपद बलरामपुर में




पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 307ध्2021 धारा 363ध्366ध्120बी, 376 भा0द0वि0 व 3ध्4 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त श्यामू कश्यप पुत्र गोकरन उम्र करीब 28 वर्ष निवासी ग्राम तेजवापुर बेड़नापुर थाना कोतवाली देहात जनपद बहराइच हालपता काशाबाद लुधियाना राज्य पंजाब को सेखूईकला तिराहा पर पीपल पेड़ के पास से गिरफ्तार किया गया, उक्त अभियुक्त श्यामू कश्यप उपरोक्त की तलाश दिनांक 17.11.2021 से पुलिस द्वारा किया जा रहा था। जिसमे पुलिस टीमध् विवेचक द्वारा अन्य राज्यो में भी कई बार दबिशध् तलाश किया गया था। उक्त अपृहता के अपहरण की साजिश में शामिल 05 व्यक्ति करीब 03 माह पूर्व से जिला कारागार बलरामपुर में निरुद्ध है।

## थाना पचपेड़वा पुलिस टीम ने वन अधिनियम में अभियुक्त को किया गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। बलरामपुर थाना स्थानीय की गठित पुलिस टीम




द्वारा अवैध जगंली साखू की लकड़ी 10 अदद चिरान विभिन्न नाप की व जगंली सागौन 05 अदद पटरा चिरान विभिन्न लम्बाई चौड़ाई के तथा 04 अदद शीशम वोटा जगंली विभिन्न नाप के व 02 अदद आरा व गिरफ्तारी एक नफर अभियुक्त ओमप्रकाश थारू पुत्र भीमनरायन थारू उम्र करीब 48 वर्ष नि0ग्रा0 धोवौलिया थाना पचपेड़वा जनपद बलरामपुर को अन्तर्गत धारा 379ध्411 प्च्ब् व 26 भा0 वन अधि0 थाना पचपेड़वा जनपद बलरामपुर को वहद ग्राम ग्राम धोवौलिया से गिरफ्तार किया गया, जिसके आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 16ध्2023 धारा 379ध् 411 आईपीसी व 26 भा0 वन अधिनियम मे अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को मा0 न्यायालय रवाना किया गया।

## थाना हरैया पुलिस टीम द्वारा 04 वारंटी गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। थाना हरैया पुलिस उ0 नि0 सुनील कुमार पाल द्वारा 1.मामला स01305ध्15धारा 26थ् ।बज 27,29,31,51ॅस्च् ।बज के




गोली पुत्र शब्बीर उर्फ मलहे निवासी गनेशपुर थाना हरैया जनपद बलरामपुर 2.मामला स0 1265ध्01धारा26थ् 27 ,29, 31,51ॅस्च् ।बज मालिक राम पुत्र नाथे निवासी गणेशपुर थाना हरैया जनपद बलरामपुर 3.मामला स0 295ध्21 धारा 26ि27,29,31,51ॅस्च् ।बज फुल करन पुत्र प्रसाद निवासी गनवरिया थाना हरैया जनपद बलरामपुर 4. मामला स0 1163ध्21धारा 26थ् 27 ,29,31, 51ॅस्च् ।बज ननकने पुत्र बाबूराम निवासी गनवरिया थाना हरैया जनपद बलरामपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय रवाना किया गया।

# विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। बलरामपुर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लल्लू सिंह के निर्देशानुसार ग्राम गोंदीपुर एवं महादेव बॉकी तहसील सदर बलरामपुर में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण विमल प्रकाश आर्य द्वारा विधिक जागरूकता शिविर में जानकारी दी गयी कि जिन लोगों के पास न्यायालय जाकर अपनी कानूनी समस्याओं को रखने के लिए धन नहीं है, उन्हें बिना पैसे के मुकदमे की निःशुल्क पैरवी कराए जाने हेतु अधिवक्ता मुहैया करायी जायेगी। इसके अतिरिक्त उन्हें पास्को अधिनियम के बारे में भी जानकारी दी गयी। शासन द्वारा संचालित सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारें में विस्तार से जानकारी दी गयी और कहा कि पात्र व्यक्तियों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ शतप्रतिशत् मिलना चाहिए। सह हिस्से वाली जमीन क्रय से पूर्व जमीन का बॅटवारा कराने हेतु लोगों को विस्तार जानकारी दी गयी। उन्होंने कहा कि यदि कोई महिला अपने पति से अलग रह रही है तो परिवार न्यायालय में परिवाद दाखिल कर भरण पोषण की मांग कर सकती है। शिविर के दौरान उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि वे जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र के जो प्रार्थना पत्र हैं उसका निस्तारण समय से जांच परख कर करें। गलत तरीके से किसी भी प्रकार का प्रमाण पत्र जारी न किया जाए इसका विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि लेखपाल, अमीन, ग्राम सचिव अपने–अपने क्षेत्र के पात्र गरीब, असहाय लोगों को केंद्र एवं राज्य सरकार योजनाओं का लाभ प्रदान करने में अपना शत–प्रतिशत सहयोग प्रदान करे तथा महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करें। इसके अतिरिक्त आजीविका मिशन एवं महिलाओं को सहायता समूह बनाने के बारें भी बताया गया।इस दौरान तहसीलदार बलरामपुर सदर अवधेश कुमार द्वारा राजस्व अभिलेखों, शासन की योजनाओं एवं दस्तावेजों के पंजीयन जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र आदि के बारें में जानकारी दी गयी। शिविर के दौरान ग्रामवासियों ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री, लेखपाल द्वारिका प्रसाद गुप्ता के कार्य व्यवहार, आचरण व अनिमितता के बाबत अवगत कराया गया। शिविर के दौरान तहसीलदार बलरामपुर सदर, खण्ड विकास अधिकारी सदर, खण्ड विकास अधिकारी हर्रैया, जिला प्रोबेशन विभाग के जिला समन्वयक, ग्राम प्रधान, ग्रामवासी, जनता एवं न्यायाल के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त जिला कारागार बलरामपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया और निरुद्ध महिला एवं बन्दियों से उनकी समस्याओं के बारें में पूछताछ किया गया और भोजनालय का भी निरीक्षण किया गया। जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि मानके के अनुरूप बन्दियों को भोजन उपलब्ध कराएं।

# आजादी के 75 साल से भदवार गांव में नहीं हुआ विकास ,नेपाल बॉर्डर के जंगल में बसा है भदवार गांव

### ग्रामीणों को विकास के नाम पर दिया गया धोखा,जिले में हो रहे विकास कार्यो की खुली पोल

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। जिले के विकासखंड हरैया सतघरवा में आजादी के 75 साल बीत जाने के बाद भी ग्राम पंचायत भदवार के ग्रामीणों को पिछड़ेपन से राहत नहीं मिला है। प्रशासन और नेताओं से कई बार गुहार लगा चुके हैं..लेकिन सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया ... यहां पर ग्रामीणों को काफी परेशानियो का सामना करना पड़ता है... वहीं जंगल में 5 किलोमीटर रास्ता न होने से गांव तक एंबुलेंस नहीं पहुंच पाती है.. गर्भवती महिलाओं को जिला अस्पताल ले जाने में बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है...बरसात के मौसम में ग्रामीणो को जंगल के कच्चे रास्तों से आने जाने बड़ी परेशानी होती है ......ग्रामीणों को आए दिन तेंदुआ बाघ जैसे कई जंगली जानवरों से डर लगा रहता है... वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विकास कार्य को लेकर अलर्ट है..लेकिन नेपाल बॉर्डर से सटे जंगल में बसे भदवार गांव में अभी तक विकास कार्य जैसा कोई काम नहीं किया गया है...गांव में अभी भी झोपड़ी देखी जा सकती है..यहा पर अभी तक आवास की कोई सुविधा मुहैया नहीं कराई गई... ग्रामीणों ने अपना दुख दर्द बताते हुए कहा कि नेता अधिकारी आते हैं और देखकर चले जाते हैं..आप देख सकते हैं कि आजादी के 75 साल बीत गए लेकिन किसी भी तरह का विकास नही किया गया है...यह पर लाइट की भी कोई व्यवस्था नहीं है किसी तरह से झुग्गी झोपड़ी में अपना जीवन यापन करते हैं।

# ब्लॉक लोटन के प्रधानों ने किया कार्य बहिष्कार कर एवम जारी किया अनिश्चित काल धरना

दैनिक बुद्ध का संदेश

लोटन ।लोटन ब्लॉक परिसर में आज राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन



के तत्वाधान में प्रदेश कार्यकारिणी के आह्वान पर प्रधान संघ अध्यक्ष अरविन्द मणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में अनिश्चित काल धरना एवम कार्य बहिष्कार किया गया। धरना की प्रमुख मांगे सिद्धार्थ नगर नेपाल से सटा जनपद है जहां नेटवर्क की गंभीर समस्या रहती है जिसके कारण मोबाईल से हाजरी नही लग पा रही है। अतः मोबाईल मैनिट्रिंग पर तत्काल रोक लगाई जाए। मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के सम्बंध में मनरेगा में पांच लाख रुपए के वित्तीय स्वीकृति के अधिकार पंचायतों को और मनरेगा के भुगतान हेतु ग्राम प्रधान को डोंगल प्रदान किया जाय। जिससे भुगतान पंचायत द्वारा किया जाय। मनरेगा का पैसा ग्राम पंचायत के खातों में भेजा जाय जिससे लेबर व मटेरियल का भुगतान सुगमता पूर्वक किया जा सके। जनपद में मनरेगा द्वारा कराए गए कार्यों का बकाया मटेरियल व लेबर के पैसे का का तत्काल भुगतान कराया जाय। केन्द्रीय व राज्यवित्त की धनराशि पंचायतों में वर्तमान आबादी के हिसाब से पांच गुना बढ़ाई जाय। ग्राम प्रधान और अन्य ग्राम पंचायत के संविदा कर्मियों का मानदेय विद्युत बिल का भुगतान हेतु अलग से धनराशि पंचायतों को उपलब्ध कराई जाय। ग्राम पंचायत सचिवालय के कुशल संचालन हेतु दो लाख रुपए का प्रति वर्ष ग्राम निधि में प्रदान किया जाय। ग्राम रोजगार सेवकों का तबादला एक से दूसरे ग्राम पंचायत में करने की नीति बनाई जाय। ग्राम प्रधान को न्यूनतम मानदेय तीस हजार रुपए प्रति माह प्रदान किया जाय। ग्राम सचिवों के तैनाती हेतु तत्काल क्लस्टर व्यवस्था हटाई जाय। नई नियुक्ति कर प्रति पंचायत में एक स्थाई सचिव तैनात किया जाय। ग्राम पंचायत को कार्यवाई संस्था मानी जाय और प्रति ग्राम पंचायत एक स्थाई जेई की तैनाती प्रदान की जाय। ग्राम पंचायत की शिक्षा समिति को मूल समिति मानते हुए विद्यालय प्रबन्ध समिति को तत्काल हटाई जाय। ग्राम प्रधान के अनुरोध पर शस्त्र लाइसेंस वरीयता के आधार पर प्रदान किया जाय। ग्राम पंचायत के भू भाग पर बिना पंचायत की अनापत्ति प्रमाण पत्र के किसी भी कार्य वाई संस्था को कार्य करने की अनुमति प्रदान न किया जाय। सरकार द्वारा आयोजित ग्राम चौपाल का ग्राम प्रधान द्वारा पूर्णतः बहिष्कार किया जाता है। धरना प्रदर्शन में कमलेश चौरसिया जिला अध्यक्ष, पंकज वर्मा महामंत्री , रिंकू पाण्डेय, धर्मेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, हजारी लाल गुप्ता, चंद्रबली यादव, बसीर मोहम्मद, अरविंद मणि आदि मौजूद रहे।

## मनरेगा मजदूरों की हाजरी मोबाइल मानेट्रिंग से प्रधानों में मची हड़कंप

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। उत्तर प्रदेश सरकार जहां एक तरफ विकास कार्यो में पारदर्शिता लाने के लिए भ्रष्टाचार जीरो टॉलरेंस अपराधों का सपना सजो रही है तो वही दूसरी तरफ सरकार द्वारा विकास कार्य में पारदर्शिता लाने के लिए उद्देश्य मजदूरों मोबाइल मानेट्रिंग द्वारा मजदूरों की उपस्थिति दर्ज कराने को लेकर प्रदेश के विभिन्न जनपदों के प्रधानों व उनके संगठनों द्वारा उक्त हाजिरी मानेट्रिंग का बड़े पैमाने पर विरोध करना शुरू कर उक्त विरोध से सरकार कितने दबाव में आती है या तो समय ही बतायेगा परंतु सरकार द्वारा जारी किए गए उक्त आदेश से आम किसान मजदूर काफी खुश नजर आ रहे हैं ज्ञात हो कि उक्त हाजिरी प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर धांधली वह भ्रष्टाचार की बू आ रही थी जिससे सभी प्रधानों को दो–चार होना पड़ता था परंतु इस प्रक्रिया से आने वाले दिनों में प्रधानों पर उंगली उठाना संभव नहीं होगा।

## उसका में एमएलसी ने विशेष टीकाकरण अभियान का किया शुभारंभ

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसकाबाजार,सिद्धार्थनगर। कस्बा में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उसकबाजार पर सोमवार को विशेष टीकाकरण अभियान का उदघाटन शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी के द्वारा फीता काटकर किया गया। बाद एमएलसी ने बच्चों को रोटा व पोलियो



की वैक्सीन की खुराक भी पिलाई ।इस अवसर पर एसएलसी ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने कहा कि बच्चो का जीवन अनमोल है। बच्चे देश के भविष्य है। इनकी स्वास्थ्य रक्षा हम सबकी जिम्मेदारी है। सभी लोग जागरूक होकर बच्चों का टीकाकरण अवश्य कराए ।सीएचसी अधीक्षक डा एसके पटेल ने कहा कि पूर्व मे सभी गांवों का सर्वे कराकर छुटे बच्चों का लिस्ट तैयार कर लिया गया है ।कुल 0 से 5 वर्ष के बच्चों की संख्या 22540 है जिनमे लेफ्ट आउट व ड्राफ्ट आउट बच्चों की संख्या 1510 बच्चों का टीकाकरण किया जाना है। इस अभियान में कुल 18 टीमे 144 सत्र लगाकर टीकाकरण करेंगी ।इस अवसर पर डा ब्रजेश चंद्रा, बीपीएम मनीष पाण्डेय, श्रीधर पाण्डेय, विजय आदि रहे।

## थाना पचपेड़वा पुलिस ने 20 ली0 अबैध शराब के साथ 02 अभियुक्त को किया गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। थाना पचपेड़वा पुलिस टीम द्वारा 20 ली0 कच्ची नाजायज शराब के साथ दो नफर अभियुक्त 1.रामलखन हरिजनध



व सालिकराम नि0 रमवापुर धुबौलिया थाना पचपेड़वा जनपद बलरामपुर उम्र करीब 40 वर्ष 2.सुग्रीव प्रजापतिध्व प्रभुनाथ नि0 धुबौलिया थाना पचपेड़वा जनपद बलरामपुर को धुबौलिया से गिरफ्तार किया गया, जिसके आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 14ध्2023 धारा 60(1)ध्72 आबकारी अधिनियम थाना पचपेड़वा जनपद बलरामपुर मे अभियोग पंजीकृत कर किया गया।

# सड्डा की टीम ने बनियाभारी टीम को 73 रनों से दी मात

## .भारत रत्न स्व अटल बिहारी वाजपेयी कैनवस वॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का चल रहा आयोजन





दैनिक बुद्ध का संदेश

बर्डपुर। भारत रत्न स्व अटल बिहारी वाजपेयी कैनवस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का अंतिम लीग मैच सोमवार को शमशाद क्रिकेट क्लब सड्डा व प्रयागराज क्रिकेट क्लब बनियाभारी के बीच खेला गया। जिसमें टास जीतकर सड्डा टीम के खिलाड़ियों ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर कुल 121 रन बनाए। जिसके जबाब में जीत के लिए 122 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए बनियाभारी की टीम ने मात्र 8 ओवरों में 48 रनों पर ही सिमट कर रह गई। जूनियर हाईस्कूल के प्रांगण में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के मुकाबला में सड्डा के खिलाड़ियों ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 121 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। जिसके जवाब में बनियाभारी की टीम को मात्र 48 रनों पर ढेर करके 73 रनों से मैच को जीत लिया। मैच में सर्वाधिक 37 रन और एक विकेट लेकर हफीज ने मैन आफ द मैच का खिताब अपने नाम किया । वही अंतिम लीग मैच सोमवार को दूसरी पारी में टी सी सी क्रिकेट क्लब सनई व महाकाल क्रिकेट क्लब बुद्धनगर के बीच खेला गया। जिसमें टास जीतकर महाकाल की टीम ने पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया।बल्लेबाजी करते हुए महाकाल के खिलाड़ियों ने निर्धारित 12 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर कुल 107 रन बनाए। जिसके जबाब में 108 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए सनई की टीम ने मात्र एक विकेट खोकर 36 गेंद शेष रहते गगनचुंबी चक्कों और चौकों की मदद से 108 रनों लक्ष्य हासिल कर लिया। उक्त मैच में सर्वाधिक 39 रन नाबाद बनाने तथा तीन विकेट लेने वाले रिंकू को मैन आफ द मैच चुना गया। इस दौरान नितेश पांडेय, अमित उपाध्याय, जिला पंचायत सदस्य सबलू साहनी, भाजपा नेता सुनील जयसवाल, अमरजीत गौतम, विनय वर्मा, विवेक गोस्वामी, संतोष उपाध्याय , सोनू गोस्वामी, शिवकुमार यादव, जाकिर हुसैन, बृजेश सिंह, मंटू यादव, अरुण जयसवाल, राकेश मिश्र, अमित कुमार, श्यामबिहारी मिश्रा, धर्मेंद्र कुमार, अजय कुमार, कलीम अंसारी, आशीष कुमार, शहजाद अहमद, सहित हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

# सीएचसी बसंतपुर बांसी में हुआ विशेष टीकाकरण पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी। विशेष टीकाकरण पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ सी





एच सी बसंतपुर बांसी के अधीक्षक डॉ राजीव कुमार रंजन ने सोमवार किया है यह अभियान 20 जनवरी तक चलेगा। इस अभियान की सफलता के लिए विकास खण्ड के 25 उपकेंद्रों पर विशेष टीकाकरण पखवाड़ा के प्रथम दिन 30 ए एन एम, 8 सुपरवाइजर, 19 सी एच ओ को लगाया गया है। पहले दिन कुल 321 बच्चे और 82 गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गयास अभियान मे कुल 172 आशाओं और आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने भी लगाया गया है। अभियान के साथ–साथ हर महीने 9 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान भी था जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसंतपुर मे कुल 152 गर्भवती महिलाओं की जांच किया गया।

# जवाहर नवोदय विद्यालय में आवेदन आनलाइन शुरू

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जवाहर नवोदय विद्यालय, बसन्तपुर, बांसी, सिद्धार्थनगर में कक्षा 06 में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 2023 का आयोजन दिनांक 29.04.2023 दिन शनिवार को होना सुनिश्चित है, उक्त परीक्षा में प्रतिभाग करने हेतु छात्रध्छात्राओं को जनपद सिद्धार्थनगर के किसी भी सरकारी ध मान्यता प्राप्त स्कूल से कक्षा 3, 4 उत्तीर्ण एवं कक्षा 5 सत्र 2022–23 में अध्ययनरत होना चाहिए। आवेदनकर्ता की जन्मतिथि 01.05.2011 से 30.04.2013 के मध्य होनी चाहिए।इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन आनलाइन दिनांक 01.01.2023 से 31.01.2023 तक वेबसाइट पर कर सकते है।उक्त आशय की जानकारी जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा एक विज्ञप्ति के माध्यम से दिया गया है।

# करेक्टिव सर्जरी कैम्प का आयोजन 24 जनवरी को





दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। दिव्यांग कल्याण विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिव्यांग के करेक्टिव सर्जरी कराये जाने के संबध में जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार, प्रभारी प्राचार्य, मेडिकल कालेज, सिद्धार्थनगर डा0 ए0के0झा की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी संजीव रंजन ने बताया कि करेक्टिव सर्जरी कैम्प का आयोजन दिनांक 24 जनवरी 2023 से 26 जनवरी 2023 तक एम0सी0एच0विंग, जिला अस्पताल में किया जायेगा। जिलाधिकारी ने संबधित को निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक विकास खण्ड से 50 लाभार्थियों को चयनित कर लाना है। करेक्टिव सर्जरी के लिए लाभार्थी का आधार कार्ड, दिव्यांग प्रमाण–पत्र, आय प्रमाण पत्र 60 हजार की सीमा के अन्दर होना चाहिए। दिव्यांगों के लिए भोजन की व्यवस्था रहेगी। कम्बल वितरण किया जायेगा। प्रभारी प्राचार्य ने बताया कि दिव्यांगो की देखभाल के लिए डाक्टर व वार्ड ब्वाय रहेगे। स्ट्रेचर, व्हील चेयर, आदि की व्यवस्था रहेगी। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त जिला विकास अधिकारी शेषमणि सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय, जिला दिव्यांग जनसश्क्तीकरण अधिकारी एजाजुल हक खान, जिला समाज कल्याण अधिकारी डा0 राहुल गुप्ता, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी तथा अन्य संबधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# भारतीय किसान यूनियन ने दिया ज्ञापन,ग्रामीणों की समस्या का हो समाधान

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी। भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने ब्लाक अध्यक्ष घनश्याम चौरसिया की अगुवाई मे सोमवार को ब्लाक कार्यालय परिसर में मासिक पंचायत लगाकर किसानो व ग्रामीणों की समस्या के समाधान की मांग करते हुए सहायक विकास अधिकारी अजय राय को एक ज्ञापन सौंपा। किसान यूनियन ने खण्ड विकास अधिकारी से बॉसी व्लाक के अन्तर्गत आने वाले सभी ग्राम सभाओ में खुली बैठक कराने और सरकार के कल्याणकारी योजनाओ की जानकारी देने ,ग्राम सभा गोनहाडीह मे रास्ते का निर्माण कराने, ग्राम सभा सतवाडी के क्षतिग्रस्त ईट सोलिंग को ठीक किए जाने की मांग किया है। सभी ग्राम सभाओ मे ठंड को देखते हुए अलाव जलाने की भी मांग किया है। किसान पंचायत मे देवेन्द्र नाथ मिश्रा,विन्दा पाण्डेय,राम संवारे चौधरी, अब्दुल हई, अरविंद चौधरी,राम कुमार, उमाकांत मिश्रा, मथुरा पाण्डेय, विक्रम प्रसाद,जयश्री आदि मौजूद रहे।




# ई–रिक्शा पलटने से 15 वर्षीय किशोर की मौत

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी ।नगर क्षेत्र के गांधी नगर मोहल्ला निवासी एक 15 वर्षीय किशोर की सोमवार की सुबह ग्यारह बजे ई रिक्शा पलटने से मौत हो गयी है ।घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।15 वर्षीय कृष्णा पुत्र केशव पटवा अपनी बहन के साथ ई रिक्शा में बिसात का सामान लादकर रानीगंज बाजार बेचने जा रहा था ।अभी वह घर से सौ मीटर दूर पहुचा ही था कि अचानक ई रिक्शा पलट गया और वह रिक्शा के नीचे दब गया ।परिजनों व मोहल्ले के लोगो ने तत्काल उसे पी एच सी बांसी पहुचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत्य घोषित कर दिया ।केशव पटवा के पांच बेटियों के अलावा यही एक बेटा था ।कृष्णा के मरने की जानकारी होने के बाद मां,पिता व बहनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है।

# विशेष टीकाकरण पखवाड़ा 2023 का शुभारम्भ

## डॉक्टर एके आजाद ने किया सभी से बच्चो को टीका लगवाने की अपील






दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। सोमवार दिनांक 9 जनवरी 2023 को यूनिसेफ के सहयोग से विशेष टीकाकरण पखवाड़ा 2023 का शुभारम्भ जिला रतिरक्षण अधिकारी डॉक्टर एके आजाद द्वारा प्राथमिक विद्यालय नीबी दोहनी पर बच्चो को पोलियो की खुराक दे कर किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुवे कहा गया की यदि बच्चो का टीकाकरण पूरा करा दिया जाए तो वो कम बीमार पड़ते है ।यूनिसेफ के डीएमसी अमित शर्मा द्वारा बताया गया की 9 जनवरी से 20 जनवरी , 13 फरवरी से 24 फरवरी , 13 मार्च से 24 मार्च 2023 के बीच पखवाड़े के रूप में यह कार्यक्रम चलाया जाएगा। उन्होंने बताया की सभी धर्म गुरुओं एवम इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा भी इस पखवाड़े के लिए अपील जारी कर के जनता से बच्चो एवम गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण करने की गुजारिश की है एवम एएनएम,आशा,आंगनवाड़ी को इस आभियान में सहयोग देने की अपील की है,इस अवसर पर नुपुर गर्ग , डॉक्टर बीसीपीएम सुरेंद्र पाल, बीएमसी यूनिसेफ अशोक विश्वकर्मा उपस्थित रहे। साथ ही आशा राजमति आंगनवाड़ी अनीता मौजूद रही।

# जन समस्याओं का निस्तारण समय से करें राजस्व कर्मी:एसडीएम

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थ नगर ।जन समस्याओं का निस्तारण समय से करे राजस्व कर्मी जिससे सरकार की छवि और बने।उक्त विचार





उपजिलाधिकारी सदर डॉ0 ललित कुमार मिश्र ने कही वह सोमवार को तहसील सभाकक्ष में राजस्व कर्मियों की पहली बैठक को सम्बोधित करते हुए श्री मिश्र ने कहा कि भगवान की कृपा से हम सबको पद मिला है और कार्यकरने का अवसर मिला है। समय से पीड़ित को लाभ मिले यही सबकी सोच होनी चाहिए। तहसील के राजस्व परिवार ने उपजिलाधिकारी का स्वागत किया है। श्री मिश्र ने कहा कि शासन के मंशा के अनुरूप बेहतर कार्य किया जाएगा। जिससे सबको न्याय मिले सरकारी योजनाओं का शतप्रतिशत क्रियान्वयन हो। इस अवसर पर तहसीलदार रामऋषि रमन,नायब तहसीलदार बिन्द्रेश गुप्ता,माधुर्य यादव, राजस्व निरीक्षक शीतल द्विवेदी, विजय गुप्ता, सुरेश तिवारी, अम्बरीश, नजमुल हसन, अशोक श्रीवास्तव,अमीन राजेश मिश्र, धर्मेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# बांसी ब्लाक परिसर में हुआ 15 सूत्री मांगों को लेकर प्रधानो का धरना प्रदर्शन

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी ।राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन ने 15 सूत्री




मांगों को लेकर प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर सोमवार को ब्लाक कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर काम बंद ,अनिश्चितकालीन हड़ताल किया। प्रदर्शन कर रहे ग्राम प्रधानो ने कहा कि सरकार द्वारा आयोजित ग्राम चौपाल कार्यक्रम का पूर्णता बहिष्कार किया जाता है ।संगठन ने मांग किया कि सिद्धार्थनगर नेपाल से सटा जिला है जहां नेटवर्क की गंभीर समस्या रहती है अतः मोबाइल मानिटरिंग व्यवस्था पर तत्काल रोक लगाई जाए पुरानी व्यवस्था ही लागू रखा जाए, मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के क्रम में मनरेगा में 5 लाख रुपए के वित्तीय स्वीकृत का अधिकार पंचायतों को और मनरेगा के भुगतान हेतु ग्राम प्रधान को डोंगल प्रदान किया जाए ।जिससे भुगतान पंचायत द्वारा ही किया जाए, मनरेगा का पैसा ग्राम पंचायत के खातों में भेजा जाए, जिससे लेबर वह मटेरियल का भुगतान सफलतापूर्वक किया जा सके,जनपद में मनरेगा द्वारा कराए गए कार्यों का बकाया मटेरियल व लेवरो के पैसे का तत्काल भुगतान कराया जाए, केंद्रीय वित्त एवं राज्य वित्त की धनराशि पंचायतों की आबादी के हिसाब से 5 गुना बढ़ाई जाए ।प्रदर्शन मे प्रदीप कुमार, चंद्रशेखर, उमा देवी, श्रीराम चौरसिया, गुड़िया, आजाद, ओम प्रकाश द्विवेदी, राज, आरती, निर्मला,राजेश कुमार गुप्ता आदि शामिल थे।

# शोहरतगढ़ ब्लॉक परिसर में अनिश्चित कालीन धरने पर बैठे ग्राम प्रधान

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ ब्लॉक परिसर में पंचायती राज संगठन के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर संगठन के बैनर तले प्रधानों ने सोमवार को ब्लॉक अध्यक्ष जफर आलम के अगुवाई में विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया। धरना को सम्बोधित करते हुए ताकिब रिजवी ने कहा कि ग्राम प्रधानो के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय संगठन बर्दाश्त नहीं करेगा। राष्ट्रीय पंचायतीराज ग्राम प्रधान संगठन जिलाध्यक्ष डॉ पवन मिश्रा ने कहा कि सरकार को चाहिए कि ग्राम पंचायतों की समस्याओं का निपटारा समय से करते हुए विकास कार्यों को गति प्रदान करे। हर ग्राम प्रधान ईमानदारी से अपने जनप्रतिनिधि होने की जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहा है। ग्राम पंचायत प्रधानों के साथ हो रहे किसी भी तरह के अन्याय को संगठन कदापि बर्दाश्त नहीं करेगा। समस्याओं के निदान की लड़ाई संगठन एकजुटता के साथ लड़ेगा। उन्होंने कहा कि मोबाइल पर मानिटरिंग को लेकर काफी समस्याएं आ रही है मनरेगा कार्य , मनरेगा धनराशि भुगतान, विद्युत बिल, ग्राम रोजगार आदि समस्या को लेकर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। मांगों के पूरा न होने तक धरना जारी रहेगा। धरना को प्रधान संगठन ब्लॉक अध्यक्ष जफर आलम, विक्रम यादव, रसीद अहमद, अजीज अहमद, जीवन श्रीवास्तव,पंकज चौबे आदि ने सम्बोधित कर 14 सूत्रीय मांगों को लेकर आवाज बुलंद किया। इस दौरान ग्राम प्रधान शौकी लाल, करम हुसैन, किस्मत अली, सुभाष यादव, पंकज चौबे, रिंकू सिंह, जीवन श्रीवास्तव, अनिल पाण्डेय, जावेद, पवन कुमार, यार मोहम्मद, पप्पू गुप्ता, अजय चौधरी, अब्दुल अजीज आदि लोग मौजूद रहे।



## सम्पादकीय

**इससे आज के हालात के असंतुष्ट और असहमत उन लोगों को सामने आने का एक मौका मिला है, जो अपना दम घूंटता महसूस कर रहे थे। उत्तर प्रदेश में यात्रा के प्रवेश के दिन पूर्व रॉ प्रमुख एएस दुलत का इसमें शामिल होना बताता है कि इस तरह के लोग उस एक ऐसे द्वार की तलाश में हैं, जिससे वे अपनी कल्पना के भारत को ...**

# विपक्षी स्वरों को जोडना



तो फिर भारत जोड़ो यात्रा किसलिए है? अगर इसके पिछले चार महीने के अनुभवों पर गौर करें, तो यह साफ हुआ है कि इससे आज के हालात के असंतुष्ट लोगों को सामने आने का एक मौका मिला है, जो अपना दम घूंटता महसूस कर रहे थे। भारत जोड़ो यात्रा के उत्तर प्रदेश में प्रवेश करने से पहले यह सवाल उठा कि क्या राहुल गांधी का यह प्रयास विपक्षी दलों को एक साथ लाने में कामयाब हो सकेगा। यह सवाल को खास बल समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव कि एक टिप्पणी से मिला, जिसमें उन्होंने यात्रा में शामिल होने से इनकार करते हुए कांग्रेस और भाजपा को एक जैसी पार्टी बता दिया। हालांकि बाद में यात्रा में शामिल होने के आमंत्रण का जवाब भेजते हुए उन्होंने यात्रा को अपनी शुभकामनाएं दीं। ऐसी शुभकामना मायावती ने भी दी। इसके बावजूद चुनावी समीकरणों की दृष्टि में उलझे मीडियाकर्मियों की चर्चा में यह सवाल बना हुआ है कि क्या इस यात्रा से अगले चुनावों में कांग्रेस या कुल विपक्ष की संभावनाएं बेहतर होंगी। इस सवाल के बारे में यह बात लगभग भरोसे के साथ कही जा सकती है कि ऐसा नहीं होगा। और कम से कम राहुल गांधी को इस बारे में कोई भ्रम नहीं है।

31 दिसंबर की अपनी प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने फिर दो टूक कहा कि टैक्टिकल–पॉलिटिकल प्रयासों से भाजपा–आरएसएस को हराना फिलहाल संभव नहीं रह गया है। तो फिर भारत जोड़ो यात्रा किसलिए है? अगर इसके पिछले चार महीने के अनुभवों पर गौर करें, तो यह साफ होता है कि इससे भारतीय राजनीति में जारी गतिरोध टूटा है। इससे आज के हालात के असंतुष्ट और असहमत उन लोगों को सामने आने का एक मौका मिला है, जो अपना दम घूंटता महसूस कर रहे थे। उत्तर प्रदेश में यात्रा के प्रवेश के दिन पूर्व रॉ प्रमुख एएस दुलत का इसमें शामिल होना बताता है कि इस तरह के लोग उस एक ऐसे द्वार की तलाश में हैं, जिससे वे अपनी कल्पना के भारत को वापस हासिल करने के लिए अपने बंद दायरे से बाहर आ सकें। राम जन्मभूमि मंदिर के पुजारी महंत सत्येंद्र दास की राहुल गांधी को लिखी गई चिट्ठी भी ऐसी ही भावना का संकेत देती है। इस रूप में भारत जोड़ो यात्रा ने विपक्षी स्वरों को जोडना शुरू किया है। लेकिन यह लंबा रास्ता है। अगर यात्रा उस पर आगे बढने में सक्षम साबित हुई, तो विपक्षी ताकतें भी जुड़ेंगी, यह उम्मीद की जा सकती है।

# त्रिपुरा में शाह के भाषण का मतलब

अमित शाह त्रिपुरा गए तो उन्होंने वहां से ऐलान किया कि एक जनवरी 2024



को अयोध्या में भव्य राममंदिर बन कर तैयार हो जाएगा। उन्होंने यह तारीख कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को नोट कराई। उन्होंने त्रिपुरा के लोगों को भी कहा कि वे अपनी टिकट बुक कराएं अयोध्या की यात्रा करने के लिए। इसके बाद उन्होंने त्रिपुर सुंदरी का भी भव्य मंदिर बनाने की बात कही। मतलब साफ है कि भाजपा त्रिपुरा में पांच साल राज चलाने और दो मुख्यमंत्रियों को आजमाने के बाद अयोध्या के राममंदिर और त्रिपुर सुंदरी के मंदिर के मुद्दे पर चुनाव लडने वाली है। ऐसा इसलिए है क्योंकि त्रिपुरा में भाजपा की स्थिति अच्छी नहीं है। बिप्लब देब को हटा कर हाल तक कांग्रेस के नेता रहे मानिक साहा को मुख्यमंत्री बनाने का दांव भी काम नहीं आ रहा है। अब तक त्रिपुरा में भाजपा के पांच विधायक पार्टी छोड़ चुके हैं। भाजपा की सहयोगी इंडिजेनस त्रिपुरा पीपुल्स पार्टी के भी तीन विधायक पार्टी छोड़ चुके हैं। यानी सत्तारूढ गठबंधन के आठ विधायकों ने पार्टी छोड़ी है। कई विधायक कांग्रेस में लौटे हैं तो कुछ तृणमूल कांग्रेस के साथ जुड़े हैं। सुदीप रॉय बर्मन के कांग्रेस के साथ जुडने से कांग्रेस की ताकत बढ़ी है। इस बीच प्रद्योत देबबर्मा की तिपरा पार्टी के गठन से स्थानीय लोगों को एक नया प्लेटफॉर्म मिला है। कहा जा रहा है कि पिछली बार 42 फीसदी वोट और 18 सीट जीतने वाली सीपीएम और कांग्रेस के साथ साथ तिपरा का तालमेल हो सकता है। इन पार्टियों के बीच तालमेल की बातचीत चल रही है। अगर ये पार्टियां एक साथ आती हैं तो भाजपा को बड़ी दिक्कत होगी। कांग्रेस को पिछली बार दो फीसदी ही वोट मिले थे लेकिन तिपरा और लेफ्ट के साथ मिलने से गठबंधन की ताकत बढ़ सकती है। तभी अमित शाह और भाजपा व संघ के नेता वहां इतनी मेहनत कर रहे हैं।

# दिल्ली का श्रद्धा काण्ड

**उन पर कार्रवाई की मांग नहीं करता। उससे भी ज्यादा आश्चर्य का विषय है कि ये बाबा लोग अपनी निजी श्सेनाएंश बना लेते हैं, तब भी इनका विरोध नहीं होता और कोई दुर्घटना घट जाने के बाद ही जब इनकी शिकायत होती है तो समाज हरकत में आता है। अपराध होने से पहले अपराध की पृष्ठभूमि बनने दी जाती है । यह हमारे समाज और प्रशासन की सबसे ...**

अजय दीक्षित

वस्तुतः हमारे देश में गॉड इंडस्ट्री खूब फल–फूल रही है । सवाल यह है कि ऐसा क्यों है? इसके कई कारण हैं। हमारे समाज में दलितों का शोषण एक आम बात है। उनकी बड़ी संख्या गरीबी, अशिक्षा और अभावों से भरपूर है। ऐसे लोगों को अध्यात्म के नाम पर फुसलाना कदरन आसान होता है। बाबाओं को दूसरा लाभ यह है कि बड़े पदों पर बैठे तथा समाज में प्रभाव रखने वाले कुछ लोग भी जब उनके शिष्य बन जाते हैं तो वे उनके माध्यम से अन्य शिष्यों के काम करवाना आरंभ कर देते हैं। शक्तिसंपन्न लोग ऐसा श्रद्धावश करते हैं और जिनका काम हो जाता है वे इसे श्गुरुजी का प्रसादश और श्भगवद्कृपाश मानने लग जाते हैं, बिना यह समझे कि यह मात्र सांसारिक श्नेटवर्किंगश का कमाल है। ज्योतिषियों और बाबाओं का एक दूसरा वर्ग आभिजात्य वर्ग वाला भी है जो स्वयं पढ़े–लिखे हैं, अंग्रेजी में प्रवचन देते हैं और उद्योगपतियों, नौकरशाहों तथा बड़े राजनीतिज्ञों को श्आध्यात्मिक शांतिश प्रदान करते हैं। उनके शिष्यों में इतने प्रभावशाली लोग होते हैं कि वे देश की नीतियों तक में परिवर्तन कर सकते हैं। यह भी सांसारिक नेटवर्किंग का ही उदाहरण है।





अंधश्रद्धा के इस सिलसिले में पढ़े–लिखे और बुद्धिजीवी माने जाने वाले लोगों का भी जमघट इसलिए शामिल हो जाता है क्योंकि अक्सर उनका पेशेवर जीवन अत्यंत तनावपूर्ण होता है और इससे मुक्ति के लिए किसी गुरु की शरण में जाकर वे रीचार्ज हो जाते हैं और नई शक्ति के साथ अपने काम पर वापस लौटते हैं। ऐसे बाबाओं के शिष्य समाज के किसी भी वर्ग से हों, जब किसी एक भक्त का कोई काम हो जाता है तो वह श्रद्धावश बाबाजी की प्रशंसा के गीत गाने लग जाता है और उसे देख–देखकर शेष लोग भी बाबा जी के शिष्य बनने लगते हैं और बाबा जी का रुतबा बढ़ता चला जाता है । यह दुनिया सतरंगी है, हर तरह के लोगों से मिलकर बनी है। कुछ लोग बहुत अच्छे हैं और कुछ लोग बहुत अच्छे के वेष में हैं। ऐसे लोगों में संत कहलाने वाले लोगों की भी कमी नहीं है। सतलोक आश्रम के स्वयंभू मुखिया और खुद को कबीर का अवतार बताने वाले रामपाल, बापू के नाम से प्रसिद्ध आसाराम, डेरा सच्चा सौदा के मुखिया गुरमीत राम रहीम के बारे में कुछ भी कहने की आवश्यकता नहीं है। पंजाब के नूरमहल में स्थित दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के मुखिया आशुतोष की मृत्यु पर श्उनके उत्तराधिकारियों ने उन्हें श्समाधि में लीनश बताना आरंभ कर दिया। इस दौरान आश्रम व आश्रम की संपत्ति पर नियंत्रण को लेकर अदालत में मुकद्दमे भी आए, इसी से पता चलता है कि समाधि में लीन बताने की असलियत क्या है। जरूरी नहीं है. कि ऐसे किसी आश्रम अथवा संस्थान से जुड़ा हर व्यक्ति पाखंडी, झूठा या फरेबी हो, पर यह अवश्य हो सकता है कि वह श्रद्धावश सच्चाई को समझने की कोशिश ही न कर रहा हो । बाबाओं की प्रसिद्धि में चिकित्सा व्यवसाय में प्रचलित श्ठकि श्प्लैसीयो इफैक्टश की भी बड़ी भूमिका है। उदाहरणार्थ किसी व्यक्ति की बीमारी प्रकृति प्रदत्त कारणों से या दवाइयों से ठीक हो गई लेकिन उसका श्रेय बाबाजी को मिल गया। प्रसिद्धिप्राप्त ऐसे किसी बाबा के शिष्यों की संख्या जब बढ़ जाती है तो वोट के खरीददार राजनीतिज्ञ उनके सामने शीश नवाने चले आते हैं। राजनीतिज्ञों का समर्थन पाकर ये बाबा लोग और भी निरंकुश हो जाते हैं। कुछ सत्ता के दलाल बन जाते हैं और अपने हित में सत्ता का दुरुपयोग करने लगते हैं। आज ऐसे बाबाओं की कमी नहीं है जो हजारों करोड़ का व्यवसाय करते हैं। अक्सर हम इन संतों के विवादित आचरण से दो–चार होते रहते हैं, परंतु धर्मभीरू भारतीय इन पर बहुत ज्यादा ध्यान नहीं देते। वोट लेने के लिए लगभग हर राजनीतिक दल के नेता इन बाबाओं की शरण में जाते रहते हैं। कांग्रेस, भाजपा, आम आदमी पार्टी आदि में से कोई भी इसका अपवाद नहीं है। यही बाबा जी अगर कानून के शिकंजे में आ जाएं तो सारे राजनीतिज्ञ उनसे पल्ला झाड़ लेते हैं। खेद का विषय यह है कि इन बाबाओं के बड़े– बड़े आश्रमों का जब अवैध निर्माण हो रहा होता है तो पुलिस, प्रशासन, राजनेता और मीडिया में से कोई भी शोर नहीं मचाता, उनकी पोल नहीं खोलता, उन पर कार्रवाई की मांग नहीं करता। उससे भी ज्यादा आश्चर्य का विषय है कि ये बाबा लोग अपनी निजी श्सेनाएंश बना लेते हैं, तब भी इनका विरोध नहीं होता और कोई दुर्घटना घट जाने के बाद ही जब इनकी शिकायत होती है तो समाज हरकत में आता है। अपराध होने से पहले अपराध की पृष्ठभूमि बनने दी जाती है । यह हमारे समाज और प्रशासन की सबसे बड़ी कमजोरी है। हम जब तक इस दृष्टिकोण से मुक्ति नहीं पाएंगे, इन कथित संतों के नए–नए अवतार उगते और फलते–फूलते रहेंगे ।

**कोलार में जलधारा परियोजना के तहत पारंपरिक पानी की टंकियों की गाद निकाली गई। डिसिल्टेशन पानी से रेत और अन्य कणों को हटाने की प्रक्रिया है। इस प्रक्रिया ने भूजल के रिसाव में भी वृि की जिससे बोरवेल के जल स्तर में 90 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यहां 56 प्रतिशत किसानों ने स्वीकारा कि फसल उत्पादन में वृद्धि हुई है। परियोजना के तहत चेक डैम निर्माण की जिम्मेदारी लेने के लिए...**

# पानी : अब मसला नहीं मिशन

डॉ. दर्शनी प्रिय

नीति आयोग के सर्वे के अनुसार देश में साठ करोड़ की आबादी भीषण पेयजल संकट का सामना कर रही है। अपर्याप्त और प्रदूषित पानी के इस्तेमाल से देश में हर साल दो लाख लोगों की मौत हो जाती है। यूनिसेफ के मुहैया कराए गए विवरण के अनुसार भारत में दिल्ली और मुंबई जैसे महानगर जिस तरह पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं, उससे लगता है कि 2030 तक भारत के 21 शहरों का पानी पूरी तरह से समाप्त हो जाएगा।

आज उष्णता और सूखा जैसे संकट के बीच भारत सहित दुनिया के तमाम देश अपनी परंपरा और सरोकारों में पानी सहेजने से जुड़ी चिंताओं पर नये सिरे से बात कर रहे हैं। इस चिंता और इससे जुड़े विमर्श का सकारात्मक हासिल यह है कि अब सरकारों के लिए पानी मसला नहीं, बल्कि मिशन का नाम है। पानी के मुद्दे पर मसला से मिशन के इस सफरनामे को अपने देश में ही नहीं, दुनिया के स्तर पर भी देखना दिलचस्प है। इस सफर के एक छोर पर सिंगापुर जैसा छोटा मुल्क है, तो दूसरे छोर पर भारत जैसी विशाल आबादी और भूगोल वाला देश। बात सिंगापुर की करें तो वि में जल प्रबंधन के जितने भी मॉडल हैं, उनमें सिंगापुर का मॉडल अव्वल माना जाता है। आने वाले चार दशकों के लिए आज सिंगापुर के पास पानी के प्रबंधन को लेकर ऐसा ब्ल्यूप्रिंट है, जिसमें जल संरक्षण से जल शोधन तक पानी की किफायत और उसके बचाव को लेकर तमाम उपाय शामिल हैं। सिंगापुर की खास बात यह भी है कि उसका जल प्रबंधन शहरी क्षेत्रों के लिए खास तौर पर मुफीद है। ग्रामीण आबादी वाले इलाकों में सिंगापुर का मॉडल शायद ही ज्यादा कारगर हो। सिंगापुर से भारत सीख तो सकता है, पर इस देश की आबादी और भूगोल ज्यादा मिश्रित और व्यापक है। फिर हमारे यहां पानी के अभाव से ज्यादा बड़ा सवाल उसके संग्रहण और वितरण का है। लिहाजा, पानी को लेकर भारतीय दरकार और सरोकार सिंगापुर से खासे भिन्न हैं। अलबत्ता, इसे भारतीय राजनीति में प्रकट हुए सकारात्मक बदलाव के साथ सरकारी स्तर पर आई नई योजनागत समझ भी कह सकते हैं कि अब



स्वच्छता और घर–घर नल से जल की पहुंच जैसा मुद्दा साल के एक या दो दिनों नारों–पोस्टरों में जाहिर होने वाली कामना और सद्भावना से आगे सरकार की घोषित प्राथमिकता है। 2014 में लाल किले से तिरंगा फहराते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महात्मा गांधी का स्मरण किया और स्वच्छता के मुद्दे को सरकार और समाज, दोनों के एजेंडे में शामिल कराने में बड़ी कामयाबी हासिल की। यह देश में राजनीति के उस बदले आधार और सूचकांक का भी संकेत था, जिसमें आगे साफ–साफ तय हुआ कि सुशासन का मुद्दा महज सरकारी दफ्तरों में फाइलों के तेजी से आगे बढने और योजनागत खचरे में शून्य की गिनती बढ़ते जाने का नाम भर नहीं है। स्वच्छता के बाद जिस तरह पानी के मुद्दे को 2019 में भारत सरकार जल जीवन मिशन के तौर पर लेकर सामने आई, वह दिखाता है विकास का रंग हरा या धूसर के साथ साथ नीला भी होना चाहिए। इस मिशन के तहत 15 अगस्त, 2019 से 19 अप्रैल, 2022 तक अगर देश के ग्रामीण इलाकों में दस करोड़ से ज्यादा पानी के नये कनेक्शन दिए गए हैं, राज्य सरकारों के बीच 2024 से पहले सफलता के शत–फीसद लक्ष्य को हासिल करने को लेकर स्वस्थ होड़ छिड़ी है, तो यह देश में राजनीति और शासन का भी वह बदला चेहरा है, जिसे देखने के लिए नये और धुले चश्मे की दरकार है। कॉरपोरेट और सरकारी, दोनों की भागीदारी समाज में प्रभावशाली बदलाव ला सकती है। इसमें सामुदायिक भागीदारी को शामिल कर दिया जाएगा तो परिणाम और भी कारगर होंगे।

कोका–कोला इंडिया फाउंडेशन और एसएम सहगल फाउंडेशन ने आंध्र प्रदेश के अनंतपुर और कर्नाटक के कोलार जिले में जलधारा परियोजना शुरू की थीं, जो अति–पिछड़े, शोषित, सूखे से प्रभावित, असंतुलित वष्रा और आर्थिक रूप से पिछड़े क्षेत्रों पर केंद्रित हैं। दरअसल, अनंतपुर क्षेत्र असंतुलित वष्रा पैटर्न के कारण लगातार सूखे की चपेट में रहता है, और भूजल का गिरता स्तर किसानों के लिए समस्या बन गया था, जिसके कारण क्षेत्र में कृषि उत्पादकता कम थी। जलधारा परियोजना और लोगों के प्रयासों से अनंतपुर में 5 चेक डैम का निर्माण किया गया। फलतरू वहां 77 प्रतिशत किसानों ने अपनी फसल की उपज में वृद्धि देखी।

कोलार में जलधारा परियोजना के तहत पारंपरिक पानी की टंकियों की गाद निकाली गई। डिसिल्टेशन पानी से रेत और अन्य कणों को हटाने की प्रक्रिया है। इस प्रक्रिया ने भूजल के रिसाव में भी वृद्धि की जिससे बोरवेल के जल स्तर में 90 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यहां 56 प्रतिशत किसानों ने स्वीकारा कि फसल उत्पादन में वृद्धि हुई है। परियोजना के तहत चेक डैम निर्माण की जिम्मेदारी लेने के लिए समुदायिक भागीगारी बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया क्योंकि पानी की समस्या हल करने के लिए कॉरपोरेट और सरकारी क्षेत्र की साझा जिम्मेदारी के साथ ही सामुदायिक भागीदारी भी जरूरी है।




# वनडे सीरीज शुरू होने से पहले भारत को लगा बड़ा झटका, जसप्रीत बुमराह हुए टीम से बाहर

भारत और श्रीलंका के बीच तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला खेली जानी है। पहला मुकाबला 10 जनवरी को गुवाहाटी में खेला जाएगा। हालांकि, इससे पहले भारत को एक बड़ा झटका लगा है। दरअसल, चोट के बाद टीम इंडिया में वापसी कर रहे जसप्रीत बुमराह एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। बुमराह को हाल में ही सीरीज का हिस्सा बनाया गया था। लेकिन कुछ दिन बाद ही उन्हें टीम से बाहर रखा गया है। दरअसल, जब श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के लिए टीम इंडिया का ऐलान हुआ था तो उसमें जसप्रीत बुमराह का नाम नहीं था। बाद में जसप्रीत बुमराह को टीम इंडिया में शामिल किया गया। लेकिन एक बार फिर से उन्हें



हटाया गया है।

दरअसल, पहले एकदिवसीय मुकाबले के लिए टीम इंडिया गुवाहाटी पहुंची है। लेकिन साथ में जसप्रीत बुमराह नहीं पहुंचे। 3 जनवरी को उन्हें टीम में शामिल किया गया था। उस समय दावा किया गया था कि जसप्रीत बुमराह अब पूरी तरह से फिट है और खेलने के लिए भी तैयार है। हालांकि सूत्रों ने बताया है कि जसप्रीत बुमराह को लेकर बीसीसीआई फिलहाल कोई रिस्क नहीं लेना चाहता। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि भारत को इस साल एकदिवसीय विश्वकप मुकाबला खेलना है। यह मुकाबला भारत में ही होगा ऐसे में जसप्रीत बुमराह टीम इंडिया के लिए काफी अहम साबित हो सकते हैं। यही कारण है कि जसप्रीत बुमराह को लेकर बीसीसीआई कोई जल्दबाजी नहीं चाहता और उन्हें वापसी का पूरा वक्त देना चाहता है।

टीम इंडिया के लिए बड़ा झटका यह भी है कि ऋषभ पंत चोटिल हैं। उनके भी विश्वकप में खेलने की संभावनाओं पर संशय बरकरार है। आपको बता दें कि जसप्रीत बुमराह 2022 सितंबर से ही क्रिकेट से दूर है। टी20 विश्व कप में उन्हें पहले टीम में शामिल किया गया था लेकिन चोट की वजह से वह बाद में बाहर हो गए थे। बीसीसीआई के सूत्र ने बताया कि बुमराह टीम के साथ गुवाहाटी नहीं गए हैं। पूर्ण फिटनेस हासिल करने के लिए उसे अब भी कुछ समय चाहिए क्योंकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के दौरान उसकी जरूरत पड़ेगी। फिलहाल यह देखना होगा कि बुमराह न्यूजीलैंड के खिलाफ 18 जनवरी से शुरू हो रही एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए उबर पाते हैं या नहीं और क्या उन्हें एक भी घरेलू मैच खेले बिना अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने का मौका मिलेगा।?

# फ्रांस फुटबॉल महासंघः ले ग्राएत के बयान के बाद एमबाप्पे ने किया जिदान का बचाव

पेरिस। फ्रांस फुटबॉल महासघ के अध्यक्ष नोएल ले



ग्राएत के अपमानजनक बयान के बाद काइलियान एमबाप्पे ने देश के महान फुटबॉल खिलाड़ी जिनेदीन जिदान का बचाव किया है। फ्रांस के विश्व कप स्टार एमबाप्पे ने रविवार को ट्वीट किया ,'' जिदान फ्रांस है। लीजैंड का इस तरह अपमान नहीं किया जाता।'' फ्रांस को 1998 में पहला विश्व कप और 2000 यूरो चौम्पियनशिप जिताने वाले जिदान की गिनती महानतम खिलाड़ियों में होती है। उन्होंने दो विश्व कप फाइनल में गोल किये और एक बार हारे , एमबाप्पे की तरह। हाल ही में फ्रांस के कोच दिदियेर देसचौम्प्स का अनुबंध जुलाई 2026 तक बढाने वाले ले ग्राएत से आरएमसी के रेडियो टॉक शो पर इन अटकलों के बारे में पूछा गया था कि ब्राजील से टिटे के जाने के बाद क्या जिदान उसके कोच बन सकते हैं।

इस पर उन्होंने कहा था ,'' अगर ऐसा होता है तो मुझे हैरानी होगी। अगर वह चाहते हैं तो जा सकते हैं, मुझसे इससे कोई सरोकार नहीं है। मैं जिदान से कभी नहीं मिला और फ्रांस फुटबॉल महासंघ ने दिदियेर से अलग होने के बारे में सोचा नहीं।'' उन्होंने कहा ,'' मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता अगर जिदान वहां जाते हैं।

क्या उसने मुझसे संपर्क करने की कोशिश की , नहीं। मैं फोन भी नहीं उठाता।'' फ्रांस की खेलमंत्री एमेलिया ओडिया कास्टेरा ने ले ग्राएत का नाम लिये बिना उन्हें जिदान से माफी मांगने के लिये कहा। उन्होंने कहा ,'' हमारे एक महान खिलाड़ी के बारे में इस तरह की अपमानजनक बात से हम सभी आहत है। फ्रांस के एक शीर्ष खेल महासंघ के अध्यक्ष को ऐसा नहीं कहना चाहिये था। जिदान से माफी मांगे।

# Malaysia Open में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों की नजरें सत्र की अच्छी शुरूआत पर

कुआलालंपुर। चोट के कारण पांच महीने बाद लौट रही पी वी सिंधू के अलावा एस एस प्रणय और लक्ष्य सेन जैसे शीर्ष खिलाड़ी मंगलवार से शुरू हो रहे मलेशिया ओपन में जीत के साथ सत्र का आगाज करना चाहेंगे। पिछले साल के शानदार प्रदर्शन से भारतीय खिलाड़ियों ने उम्मीदें जगाई है।पेरिस ओलंपिक 2024 के लिये क्वालीफिकेशन भी मई में शुरू हो रहा है। भारतीय खिलाड़ियों का सामना 1,250,000 डॉलर ईनामी राशि के सुपर 1000 टूर्नामेंट में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी विक्टर एक्सेलसेन, मलेशिया के ली जि जिया , जापान की अकाने यामागुची और चीनी ताइपै की ताइ जू यिंग से होगा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू टखने की चोट के बाद वापसी कर रही है। वह पहले दौर में स्पेन की पूर्व विश्व चौम्पियन कैरोलिना मारिन से खेलेगी। सिंधू ने आखिरी मैच अगस्त में राष्ट्रमंडल खेलों में खेला था। मारिन का सिंधू के खिलाफ रिकॉर्ड 9 . 5 का रहा है। पुरूष एकल में दुनिया के दसवें नंबर के खिलाड़ी सेन पहले दौर में दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी भारत के ही प्रणय से खेलेंगे। वहीं दुनिया के पूर्व



नंबर एक खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत का सामना पहले मैच में जापान के गैर वरीय केंता निशिमोतो से होगा। इसमें जीतने पर उनका सामना पांचवीं वरीयता प्राप्त जोनाथन क्रिस्टी से हो सकता है। पुरूष युगल में दुनिया की पांचवें नंबर की जोड़ी सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी का सामना पहले दौर में दक्षिण कोरिया के चोइ सोल यू और किम वान हो से होगा। विश्व चौम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता सात्विक और चिराग की टक्कर आगे घरेलू टीम आरोन चिया और सोह वूइ यिक से हो सकती है। महिला एकल में साइना नेहवाल, आकर्षि कश्यप और मालविका बंसोड़ भी खेल रही हैं।साइना का सामना चीन की गैर वरीय हान युइ से होगा जबकि आकर्षि चीनी ताइपै की सू वेन चि से और मालविका कोरिया की अन सि यंग से खेलेगी। महिला युगल में राष्ट्रमंडल खेल कांस्य पदक विजेता गायत्री गोपीचंद और तृषा जॉली का सामना हांगकांग की युंग एंगा तिंग और युंग पुइ लाम से होगा जबकि अश्विनी भट और शिखा गौतम की टक्कर थाईलैंड की एस पाएवसामप्रान और पुतिता सुपजिराकुल से होगी। मिश्रित युगल में ईशान भटनागर और तनीषा क्रास्टो का सामना नीदरलैंड के रॉबिन टी और सेलेना पीक से होगा।

# लेवांडोवस्की की गैर मौजूदगी में भी बार्सीलोना ने एटलेटिको को हराया

मैड्रिड। अपने स्टार खिलाड़ी रॉबर्ट लेवांडोवस्की के बिना



खेलते हुए भी बार्सीलोना ने स्पेनिश लीग फुटबॉल में एटलेटिको को 1 . 0 से हराकर रीयाल मैड्रिड पर तीन अंक की बढत बना ली। मैड्रिड को शनिवार को विलारीयाल ने 2 . 1 से हराया। एटलेटिको इस हार के बाद पांचवें स्थान पर खिसक गया। बार्सीलोना के लिये पहले हाफ में उस्मान डेम्बेले ने गोल दागा। बार्सीलोना को इस मैच में अपने शीर्ष स्कोरर लेवांडोवस्की (13 गोल) के बिना उतरना पड़ा क्योंकि विश्व कप ब्रेक से पहले पोलैंड के इस स्ट्राइकर पर तीन मैचों का निलंबन लगाया गया था। अब बार्सीलोना स्पेनिश सुपर कप खेलने सऊदी अरब जायेगी। उसका सामना बृहस्पतिवार को सेमीफाइनल में कोपा डेल रे चौम्पियन बेटिस से होगा जबकि मैड्रिड और वालेंशिया दूसरे सेमीफाइनल में भिड़ेंगे। रीयाल सोशिदाद ने एक अन्य मैच में अलमेरिया को हराया जबकि बेटिस ने रायो वालेकानो को 2 . 1 से मात दी। सेविला ने गेटाफे को 2 . 1 से हराया।

## आंत से जुड़ी गंभीर बीमारी से जूझ रहा था 12 साल का बच्चा, जम्मू कश्मीर के आर्मी अस्पताल ने बचाई जान

जम्मू। जम्मू कश्मीर के उधमपुर में मौजूद सेना के कमांड अस्पताल में कश्मीर के एक 12 साल के बच्चे का इलाज किया गया। आंत में छेद से पीड़ित 12 साल के बच्चे का अस्पताल में सफल ऑपरेशन किया गया। रक्षा प्रवक्ता ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि मरोर गांव, उधमपुर के रहने वाले इस लड़के को उत्तरी कमान के कमांड अस्पताल के आपातकालीन विभाग में



लाया गया था। बच्चे को अचानक पेट में दर्द हुआ शरीर में पानी की कमी के कारण उल्टी होने लगी। प्रवक्ता ने कहा कि लड़के की शुरुआत में जिला अस्पताल उधमपुर में जांच की गई और उसे जम्मू रेफर करने की योजना बनाई जा रही थी। हालांकि, उपायुक्त उधमपुर के कार्यालय से एक अनुरोध प्राप्त करने के बाद, बच्चे का इलाज सीएचएनसी में हुआ। दरअसल, आंत में छेद होने की वजह से बच्चे का तुरंत ऑपरेशन करना जरूरी था। डॉक्टरों ने बच्चे के इलाज में बिल्कुल देरी नहीं की। डॉक्टरों की मेहनत रंग लाई और ऑपरेशन सफल रही। डॉक्टरों ने आगे जानकारी दी की बच्चे की हालत स्थिर है। उन्होंने कहा कि बच्चा ठीक हो रहा है और उसकी हालत स्थिर है। प्रवक्ता ने कहा कि सीएचएनसी ने पहली बार सशस्त्र बलों के कर्मियों और नागरिकों के लिए इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी सेवाएं शुरू की है। इस समय अस्पताल में ब्रेस्ट अल्ट्रासाउंड, कंप्यूटेड टोमोग्राफी (सीटी) स्कैन, डिजिटल मैमोग्राफी, मैग्नेटिक रेजोनेंस एंजियोग्राफी (एमआरए), मैग्नेटिक रेजोनेंस इमेजिंग (एमआरआई), एक्स–रे (रेडियोग्राफी) जैसी सेवाएं प्रदान की जा रही है। प्रवक्ता ने आगे कहा कि गर्भाशय में फाइब्रॉएड (ट्यूमर) वाली एक 36 वर्षीय महिला का हाल ही में सीएचएनसी में इलाज हुआ था। सीएचएनसी में पहली बार मिनिमली इनवेसिव गर्भाशय धमनी एम्बोलिजेशन के साथ इलाज किया गया था।

# China Medicine Crisis : कोरोना ने ड्रैगन की तोड़ी कमर!

## भारतीय दवाओं पर आंख मूंदकर भरोसा कर रहे हैं चीनी ? नकली ड्रग बनाकर तस्कर उठा रहे हैं फायदा

बीजिंग। चीन में रिकॉर्ड स्तर पर कोरोना संक्रमण फैल चुका है। इस बीच, चीनी काला बाजार में भारतीय जेनेरिक दवाओं के नकली संस्करण बढ़ गए हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कहा कि एंटीवायरल और पैक्स्लोविड दवाओं की मांग बढ़ी है। ं•सवअपक दवा सरकार द्वारा विनियमित है। चीन में 7 दिसंबर को श्जीरो कोविड पॉलिसीश खत्म होने के बाद चीनी ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर भारतीय निर्मित जेनेरिक दवाओं की बिक्री बढ़ी है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने अनुमान लगाया है कि नीति के अंत के बाद से 8 दिसंबर से चीन में 250 मिलियन कोविड–पॉजिटिव मामलों का पता चला है। ऐसे में ज्यादातर संक्रमितों में हल्के लक्षण हैं। टीकाकृत वरिष्ठ नागरिकों की मृत्यु हो गई है।

इससे कोविड दवाओं के साथ–साथ भारतीय जेनेरिक दवाओं की मांग बढ़ गई है। विशेषज्ञों ने कहा कि जेनेरिक दवाओं के नकली संस्करण भी



बाजार में आ गए हैं। कोविड–19 संक्रमणों की भारी लहर के बीच चीनी प्रयोगशालाएं सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए एक नए संभावित खतरे की चेतावनी दे रही हैं। चीनी आउटलेट सिक्स्थ टोन की रिपोर्ट है कि नकली एंटीवायरल दवाओं का व्यापार बढ़ रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले 2 हफ्तों में नकली दवा की बिक्री में उछाल आया है, ं•सवअपक दवा के बक्से अब काले बाजार में 50,000 युआन (7,200 डॉलर) में बिक रहे हैं। एक स्थिति यह भी है कि कई लोग चीन में सस्ती दवा की तलाश में हैं। यही कारण है कि भारतीय विनिर्माताओं द्वारा उत्पादित दवाओं के जेनेरिक संस्करणों की मांग बढ़ रही है। हालांकि, प्रयोगशाला विश्लेषण से संकेत मिलता है कि चीन में चल रही भारतीय दवाओं का एक बड़ा हिस्सा नकली था।

चीनी स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने चिंता व्यक्त की है, हालांकि दवाओं के नकली संस्करण नुकसान नहीं पहुंचाते हैं। पैक्सलोविड को सरकारी क्लीनिकों के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है। बिक्री अत्यधिक विनियमित होती है, जिसमें डॉक्टर रोगियों की दवा की आवश्यकता का आकलन करते हैं। चीनी ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर हाल के हफ्तों में कम से कम चार भारतीय–उत्पादित जेनेरिक कोविड दवाएं – प्रिमोविर, पैक्सिस्टा, मोलनुनेट और मोलनाट्रिस – शीर्ष विक्रेता बन गई हैं। चीनी जीनोमिक्स कंपनी बीजीआई के प्रमुख यिन ये ने कहा कि कोविड दवा प्रिमोविर के लिए 143 नमूनों की जांच की गई। चीन द्वारा 2019 में दवा के आयात पर प्रतिबंधों में ढील देने के बाद, महामारी के दौरान सीमित परिवहन मार्गों के कारण व्यापार पर अंकुश लगा था। ऐसा कहा जाता है कि भारतीय कैंसर दवाओं सहित बड़ी संख्या में गैर–अनुमोदित नकली दवाओं की चीनी बाजार में बाढ़ आ गई है।

# General election के पूर्वानुमान में सुनक और 15 मंत्रियों पर चुनाव हारने का खतरा

लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनके 15




कैबिनेट मंत्रियों को 2024 में होने वाले आम चुनाव में हार का जोखिम है। एक चुनाव पूर्वानुमान का हवाला देते हुये मीडिया में इसकी जानकारी सामने आयी है। 'द इंडिपेंडेंट' अखबार में प्रकाशित चुनाव पूर्वानुमान के आंकड़ों के अनुसार, 2024 में होने वाले आम चुनाव में प्रधानमंत्री सुनक, उप प्रधानमंत्री डोमिनिक राब और स्वास्थ्य मंत्री स्टीव बार्कले सहित कई वरिष्ठ मंत्रियों पर हार का खतरा मंडरा रहा है। 'बेस्ट फोर ब्रिटेन' के चुनावी पूर्वानुमान के अनुसार, विदेश मंत्री जेम्स क्लेवरली, रक्षा मंत्री बेन वालेस, व्यापार मंत्री ग्रांट शेप्स, पर्यावरण मंत्री थेरेस कॉफी एवं कॉमंस के नेता पेन्नी मोर्डांट आगामी आम चुनाव हार सकते हैं। आंकड़ों के अनुसार, केवल पांच कैबिनेट मंत्री – जेरेमी हंट, भारतीय मूल की सुएला ब्रेवरमैन, माइकल गोव, नदीम जहावी और केमी बदेनोच – ही ऐसे हैं जिन्हें 2024 के आम चुनाव में जीत हासिल हो सकती है। इस पूर्वानुमान में लेबर पार्टी को बढ़त मिलती दिख रही है।

# मेटा ने टाटा क्लिक के पूर्व सीईओ पुरोहित को भारत में वैश्विक कारोबार समूह का निदेशक नियुक्त किया

नयी दिल्ली। सोशल मीडिया मंच मेटा ने विकास पुरोहित को भारत में वैश्विक व्यापार कारोबार समूह का निदेशक नियुक्त किया है। कंपनी ने कहा कि पुरोहित रणनीति की अगुवाई करेंगे और प्रमुख विज्ञापनदाताओं और एजेंसी भागीदारों पर ध्यान देंगे। मेटा ने सोमवार को एक बयान में कहा कि पुरोहित भारत में कंपनी के विज्ञापन कारोबार के निदेशक एवं प्रमुख अरुण श्रीनिवास को रिपोर्ट करेंगे। श्रीनिवास ने कहा, ''मैं समूह में विकास का स्वागत करते हुए बेहद खुश हूं। वह मेटा मंच व्यवसायों को सशक्त बनाने, भारत की आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने और देश के डिजिटल विज्ञापन पारिस्थितिकी तंत्र की स्थापना करने में अहम भूमिका निभाएंगे।'' मेटा में आने से पहले पुरोहित टाटा क्लिक के सीईओ रहे हैं। वह अमेजन, रिलायंस ब्रान्ड्स, आदित्य बिड़ला समूह और टॉमी हिलफिगर जैसी कंपनियों में भी रह चुके हैं। उनके पास कारोबार, बिक्री और विपणन क्षेत्र का 20 साल से अधिक का अनुभव है।

# Egypt में स्वेज नहर में मालवाहक जहाज फंसा



काहिरा। मिस्र की स्वेज नहर में सोमवार को एक मालवाहक जहाज फंस गया। नहर में सेवाएं प्रदान करने वाली एक कंपनी ने यह जानकारी दी। 'लेथ एजेंसीज' ने कहा कि जहाज, एमवी ग्लोरी, स्वेज नहर के इस्माइलिया प्रांत में कांतारा शहर के पास फंस गया। कंपनी ने कहा कि रस्सियों की मदद से जहाज को निकालने का प्रयास किया जा रहा है। 'स्वेज नहर प्राधिकरण' के एक प्रवक्ता ने टिप्पणी मांगे जाने पर कोई प्रतिक्रिया नहीं की है।

# पुलिस उप महानिरीक्षक ने किया चुर्क में सड़क सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम की शुरूआत

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। सोमवार को आर.पी. सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक विंध्याचल परिक्षेत्र, मीरजापुर जनपद ने सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम के दौरान पुलिस लाइन चुर्क, सोनभद्र में गार्द की सलामी ली गयी तत्पश्चात सलामी गार्द का निरीक्षण किया गया ।इसके उपरांत जनपद में सड़क सुरक्षा माह के दृष्टिगत पुलिस उप महानिरीक्षक की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक सहित जनपद के अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय, समस्त क्षेत्राधिकारियों एवं सभी शाखओं के अधिकारी एवं कर्मचारीगण के साथ–साथ ट्रक चालक, टेम्पो चालक एवं बस चालक व कण्डक्टरों के साथ सड़क सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम के सम्बंध में वार्ता की गई । डीआईजी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण चार पहिया व दो पहिया वाहनों पर यातायात नियमों के सम्बन्ध में आम जनता को जागरूक किया गया तथा वाहन चलाते समय सीट बेल्टध्हेल्मेट का प्रयोग करने, वाहन पर निर्धारित संख्या से अधिक सवारी न बैठाने, निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन को प्रयोग कदापि न करने, 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को वाहन चलाने हेतु प्रोत्साहित न करने, शराब पीकर वाहन न चलाने, शीत ऋतु में पड़नें वाले कोहरे से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु वाहनों में रेट्रोरिफ्लेक्टर टेप लगाने तथा अन्य लोगों को भी इनका पालन करने हेतु प्रोत्साहित करने की अपील भी की गई । इसके उपरान्त सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम के अवसर पर पुलिस उप महानिरीक्षक, विन्ध्याचल परिक्षेत्र आर0 पी0 सिंह व पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ यशवीर सिंह द्वारा पुलिस लाइन चुर्क में यातायात जागरूगता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया ।इस दौरान डॉ0 यशवीर सिंह, पुलिस अधीक्षक , अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय, क्षेत्राधिकारी घोरावल, क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी लाइनध्ट्रैफिक, परिवहन आर0आई एवं प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य अधिकारीध्कर्मचारीगण मौजूद रहे ।



## उपमहानिरीक्षक ने 1100 गरीब असहाय लोगों में किया कम्बल बितरण

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। सोमवार को पुलिस उप महानिरीक्षक, विन्ध्यांचल परिक्षेत्र, मीरजापुर श्आर0पी0 सिंह ने थाना जुगैल पर 1100 गरीबध्असहाय लोगों को किया गया कम्बल वितरण विन्ध्यांचल परिक्षेत्र, मीरजापुर आर0पी0 सिंह द्वारा थाना जुगैल पर ठंड से बचाव हेतु गरीबध्असहाय लोगों को 1100 कम्बल का वितरण किया गया । तत्पश्चात पुलिस उप महानिरीक्षक द्वारा स्थानीय लोगों से वार्ता करते हुए उनकी मूलभूत समस्याओं के बारे में जानकारी कर उनका हरसम्भव निराकरण कराये जाने का भरोसा दिलाया गया एवं लोगों से अपील की गयी कि भयमुक्त होकर किसी के बहकावे में न आते हुए मुख्य धारा में रहकर पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करें तथा स्थानीय पुलिस को भी जनता से मृदुल व्यवहार रखते हुए उनकी शिकायतोंध समस्याओं का त्वरित एवं विधिक रूप से निस्तारण किये जाने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक , डॉ0 यशवीर सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) कालू सिंह, क्षेत्राधिकारी ओबरा शंकर प्रसाद, क्षेत्राधिकारी घोरावल संजीव कटियार, क्षेत्राधिकारी लाइन अमित कुमार, प्रभारी निरीक्षक जुगैल विनोद कुमार सोनकर, प्रभारी निरीक्षक ओबरा श्री मिथिलेश मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक हाथीनाला श्याम बिहारी सहित अन्य अधिकारीध्कर्मचारीगण एवं स्थानीय सम्भ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे ।

# सभी विद्यालयों में शौचालय का निर्माण करायेः जिलाधिकारी संजीव रंजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। सोमवार को आपरेशन कायाकल्प के संबध में समीक्षा बैठक जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में हुईं। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी संजीव रंजन ने विद्यालयों में आपरेशन कायाकल्प के अन्तगर्त 14 मूलभूत सुविधाओं से संतृप्तकरण की स्थिति के सम्बन्ध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से जानकारी प्राप्त की। जिस पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जनपद में कुल 2262 विद्यालय हैं। ज्यादातर विद्यालयों में आपरेशन कायाकाल्प के अन्तगर्त सौन्दयीर्करण का कार्य कराया जा चुका है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि कम्पोजिट ग्रांट निधि से संतृप्त होने वाले कार्यो को कराये। दिव्यांगों हेतु शौचालय का निर्माणध्मरम्मत कराये तथा सभी विद्यालयों में जहां पर शौचालय नही है वहां पर शौचालय का निर्माण कराये। शौचालय निर्माण मानक के अनुरूप होना चाहिए। इसके अलावा विद्यालयों में बाउन्ड्रीवाल, पेयजल, फर्नीचर आदि होना चाहिए। जहां पर बाउन्ड्रीवाल नही है शीघ्र बाउन्ड्रीवाल का निर्माण समय से पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। इस बैठक में उपरोक्त अतिरिक्त जिला विकास अधिकारी शेषमणि सिंह, पी0डी0 नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकरी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय,समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी तथा अन्य संबधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।





# साहब सरकारी जमीन से हटवा दा कब्जा

### ग्राम समाधान दिवस में पहुंचा 22 मामला

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। साहब! हमरे गांव में कई लोगन सरकारी जमीन पर कब्जा कइले हवन, कब्जा हटवा देत त बड़ी कृपा होई..उक्त फरियाद बेठिगांव ग्राम पंचायत की रहने वाली लखवा देवी ने ग्राम समाधान दिवस में सुनाई। सोमवार को ग्राम पंचायत भवन पर आयोजित ग्राम समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुनीं गई। लखवा देवी ने पूर्व प्रधान पर सरकारी जमीन पर कब्जा करने की शिकायत करते हुए उसे हटाने की मांग की तो वहीं विनोद ने अंबेडकर प्रतिमा लगाने के लिए छोड़ी गई जमीन पर कब्जा की शिकायत दर्ज कराई। एक मामला किसान सम्मान निधि से जुड़ा रहा। जबकि 19 मामले प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित रहे, जिसके निस्तारण के लिएविभागीय अधिकारियों से संपर्क किया गया। इस तरह यहां कुल 22 मामला प्राप्त हुआ। शिकायत सुनते हुए ग्राम प्रधान नीलम, प्रतिनिधि अनूप तिवारी, ग्राम पंचायत अधिकारी अरुण चौधरी, लेखपाल सुधीर कुमार पटेल ने मौके पर 19 मामलों का तत्काल निस्तारण कराया। यहां कृषि रक्षा अधिकारी जनार्दन कटियार के उपस्थिति में फरियाद सुनना था, लेकिन वह नहीं पहुंचे। इस मौके पर मुख्य रूप से आशा माया, रीता देवी, कोटेदार सुशीला देवी, मदन प्रसाद, पंचायत मित्र उपेंद्र कुमार, सफाई कर्मचारी धर्मेन्द्र गणेश, रामसूरत, संतोष तिवारी, रामदेव, रामजियावन, गिरजा देवी, सत्यप्रकाश तिवारी, रामकृत मौर्य, राम अवध आदि रहे।



# भाजपा सरकार रोजगार और आरक्षण के सफाए पर उतारु है:भाकपा'

## .भाकपा चलाएगी रोजगार बचाओ, आरक्षण बचाओ और भाजपा हटाओ अभियान'

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला कार्यकारिणी की बैठक पटवध स्थित क्षेत्रीय कार्यालय पर रविवार की देर शाम तक पार्टी के वरिष्ठ नेता और हिन्डालको के सेवानिवृत्त मजदूर नेता कामरेड राजेन्द्र प्रसाद जी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पार्टी की मजबूती और सदस्यता पर जोर देते हुए पार्टी नेताओं ने जनपद में असंगठित मजदूरों के रोटी व रोजगार पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जनपद में असंगठित मजदूरों के रोजगार को इस भाजपा सरकार में मशीनों द्वारा छिना जा रहा है और यह सब शासन, प्रशासन की मिलीभगत से हो रहा है। खनन में लगातार बेखौफ जेसीबी,पोकलेन का खुलेआम उपयोग किया जा रहा है। जनपद का मूल वाशिदां और आदिवासी मजदूर रोटी रोजी के लिए अन्य शहरों की ओर लगातार पलायन कर रहा है। भाजपा की सरकार में जनपद के आदिवासियों, वनवासियों और भूमिहीनों को वनाधिकार जैसे मौलिक अधिकारों का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है। केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार जहां रोजगार समाप्त कर रही है वहीं दूसरी ओर आरक्षण पर भी कुल्हाड़ी चला रही है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं ने यह भी कहा कि यदि आने वाले दिनों में भाजपा सरकार को सत्ता से बेदखल नहीं किया गया तो वह रोजगार ही नहीं बल्कि संपूर्ण आरक्षण प्रणाली का भी सफाया कर देगी । ऐसे में हम कम्युनिस्ट पार्टी के लोगों को आम जनता को गोलबंद करते हुए लोगों के लिए रोजगार की रक्षा और आरक्षण की सुरक्षा करने के लिए भाजपा को सत्ता से बेदखल करना ही होगा। जिसके लिए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रांतीय आवाहन पर 11 जनवरी से 17 जनवरी तक आरक्षण बचाओ, रोजगार बचाओ और भाजपा हटाओ अभियान जिले में चलाया जाना है और 18 जनवरी को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया जाना है ।पार्टी के नेताओं ने जनपद के आम आवाम से इस कार्यक्रम शामिल होने की अपील किया है। बैठक में पार्टी के जिला सचिव कामरेड आर के शर्मा, सह सचिव कामरेड देव कुमार विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष कामरेड प्रेम चंद्र गुप्ता, कामरेड बसावन गुप्ता, कामरेड विरेन्द्र सिंह गोंड, कामरेड दिनेश्वर बर्मा, कामरेड (डॉ) चंद्रशेखर मौर्या, कामरेड कमला प्रसाद व कामरेड अर्जून चेरो आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे ।बैठक की अध्यक्षता मजदूर नेता कामरेड राजेन्द्र प्रसाद जी ने और संचालन कामरेड अमरनाथ सूर्य जी ने किया।




# प्रधानों का अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन,कार्य बंद कर किया बहिष्कार

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसकाबाजार,सिद्धार्थनगर। उसका ब्लॉक परिसर में प्रधानों ने कल सोमवार को अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन किया गया ब्लॉक प्रधान संघ श्रीस प्रताप यादव की अगुवाई में धरना प्रदर्शन शुरू किया गया और कार्य बंद कर बहिष्कार भी किया गया वही विभिन्न समस्याओं को लेकर मोबाइल पर मानिटरिंग को लेकर काफी समस्याएं आ रही है मनरेगा की समस्या , मनरेगा का रुपया भुगतान की समस्या,विद्युत बिल की समस्या,ग्राम रोजगार की तबादला की नीति बनाई जाय आदि समस्या को लेकर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है ।इसमें उपस्थित प्रधान श्रीस प्रताप यादव, पवन ,गोली प्रधान, अर्जुन, रामकिशुन,सतीश चंद्र,आरती आदि सभी ग्राम पंचायत के प्रधान पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया।



# नए कार्यकारणी का हुआ पुनर्गठन, प्रमोद कुमार भास्कर बने अध्यक्ष

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। यूपी वाणिज्य कर मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन शाखा सिद्धार्थनगर का कल सोमवार को नए कार्यकारणी का पुनर्गठन शाखा सिद्धार्थनगर के कार्यालय में संपन्न हुआ जिसमे समस्त तृतीय श्रेणी कर्मचारी उपस्थित रहे। सर्वसंप्ति से प्रमोद कुमार भास्कर को अध्यक्ष, अब्दुल हमीद मंत्री, अवनीश चौधरी वरिष्ठ उपाध्यक्ष , जवाद अली उपाध्यक्ष, जयकरन प्रसाद संयुक्त मंत्री, श्रीमती रीना मिश्रा संगठन मंत्री, मोहम्मद जमील कोषाध्यक्ष एवं रिंकू जायसवाल को ऑडिटर पद हेतु चयनित किया गया।



## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:- 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:- 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:- 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:- 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:- 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:- 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:- 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:- 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:- 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:- 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:- 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:- 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:- 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:- 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:- 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:- 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:- 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:- 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:- 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:- 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:- 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:- 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:- 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:- 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:- 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

# तहसील इकाई बार एशोसिएशन के चुनाव में जटाशंकर चतुर्वेदी अध्यक्ष, अशोक कुमार शुक्ला महामंत्री

### कार्यकारिणी सदस्य के रूप में चंदन कुमार श्रीवास्तव व बृजेश दत्त शुक्ला निर्विरोध

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़। तहसील सभागार में तहसील इकाई बार एशोसिएशन का चुनाव सम्पन्न हुआ। जिसमें चुनावी प्रक्रिया से जटाशंकर चतुर्वेदी अध्यक्ष व अशोक कुमार शुक्ला महामंत्री चुने गए ।चुनाव अधिकारी अधिवक्ता सहाबुद्दीन की देखरेख में हुए चुनाव में कुल 54 मतदाताओं ने भाग लिया। अध्यक्ष पद उम्मीदवार जटाशंकर चतुर्वेदी अधिवक्ता 54 मतो मे से 29 मत पाकर विजयी हुए। उपाध्यक्ष पद पर धनंजय कुमार श्रीवास्तव व श्री कृष्ण देव त्रिपाठी को बराबर मत मिला। आपसी सहमति से धनंजय कुमार श्रीवास्तव उपाध्यक्ष बने ।महामंत्री पद पर अशोक कुमार शुक्ला ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी उम्मीदवार अनिल कुमार उपाध्याय को एक वोट से हराया। कोषाध्यक्ष पद पर विशाल कुमार श्रीवास्तव व लेखा परीक्षक श्रवण कुमार उपाध्याय व संयुक्त मंत्री पद पर मनोज कुमार श्रीवास्तव व पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर अशोक गिरी और कार्यकारिणी सदस्य के रूप में चंदन कुमार श्रीवास्तव व बृजेश दत्त शुक्ला निर्विरोध रूप से चुने गये। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को अधिवक्ताओं ने बधाई दी।



# समाजसेवी ने पुण्यतिथि पर किया कम्बल वितरित

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। छावनी कस्बे के समाजसेवी गोपाल जी सोनी के माता स्वर्गीय सुखदेई देवी के तृतीय पुण्यतिथि पर शान्ति पाठ के बाद कम्बल वितरण किया गया छावनी तथा आसपास के गांव के लोगों को समाजसेवी गोपाल जी सोनी ने गांव के वृद्ध महिला पुरुष व विकलांग तथा जरूरतमंद लोगो को कंबल वितरित किया गया इस मौके पर पूर्व प्रधानध्सदस्य दूरसंचार सलाहकार समिति गोरखपुर अजीत सोनी, महावीर प्रसाद,भोला प्रसाद, दीपक सोनी सहित अन्य मौजूद रहे ।



बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा

9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# कंटोला के सेवन से मिलते हैं ये 5 प्रमुख स्वास्थ्य लाभ, डाइट में जरूर करें शामिल



कंटोला मुलायम कांटेदार वाली सब्जी है, जिसे ककोड़ा और मीठा करेला के नाम से भी जाना जाता है। इस सब्जी का वैज्ञानिक नाम मोमोरडिका डायोइका है, जबकि अंग्रेजी में यह स्पाइन गार्ड के नाम से जानी जाती है। कंटोला आवश्यक विटामिन्स, खनिज, एंटी–ऑक्सीडेंट्स और फ्लेवोनोइड्स से भरपूर होती है। इसलिए इसे स्वास्थ्य के लिए लाभदायक माना जाता है। आइए जानते हैं कि कंटोला के सेवन से क्या–क्या स्वास्थ्य से जुड़े लाभ मिल सकते हैं।

पाचन क्रिया के लिए फायदेमंद

फाइबर और एंटी–ऑक्सीडेंट से भरपूर कंटोला पाचन क्रिया की कार्यक्षमता को बढ़ाता है और पेट दर्द, ऐंठन जैसे गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल रोगों से बचा सकता है। इस सब्जी का सेवन पेट के संक्रमण का खतरा भी कम कर सकता है। यह कब्ज और लिवर की बीमारियों से सुरक्षित रखने में भी मदद करती है। कंटोला का सेवन बवासीर और गैस्ट्रिक अल्सर से सुरक्षित रखने में भी मदद कर सकता है।

त्वचा के लिए भी है लाभकारी

एंटी–एजिंग फ्लेवोनोइड्स जैसे बीटा कैरोटीन, ल्यूटिन, जैंथिन आदि से भरपूर कंटोला आपकी त्वचा की बनावट में सुधार करने में मदद कर सकता है और इसे स्वस्थ बनाए रख सकता है। कंटोला में लगभग 84 प्रतिशत पानी होता है। ऐसे में यह त्वचा की नमी को बनाए रखने में भी सहायक है और यह मुंहासे, काले धब्बे, झुर्रियां और महीन रेखाओं से भी बचा सकता है। यह स्वास्थ्यवर्धक सब्जी त्वचा के विकारों जैसे एक्जिमा, सोरायसिस आदि के खिलाफ भी प्रभावी है।

वजन घटाने में भी है मददगार

कंटोला में कैलोरी की मात्रा कम होती है, जो वजन घटाने को बढ़ावा देने में मदद कर सकती है और पूरे दिन सक्रिय रखता है। इसमें मौजूद फाइबर पेट को लंबे समय तक भरा हुआ रखता है और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक चीजों को खाने की लालसा खत्म करता है। इससे उचित वजन बनाए रखने में मदद मिलती है। इसमें मौजूद उच्च पानी की मात्रा शरीर में वसा जलने की प्रक्रिया को बढ़ाकर वजन घटाने में भी मदद करती है।

आंखों के लिए हो सकता है लाभदायक

विटामिन– ए से भरपूर कंटोला आंखों के लिए बेहद अच्छा माना जाता है। यह आंखों की रोशनी बढ़ाने में मदद करता है। इस सब्जी में ल्यूटिन जैसे कैरोटीनॉयड होते हैं, जो आंखों की कई बीमारियों से सुरक्षित रखने में मदद कर सकते हैं और आंखों की मांसपेशियों को मजबूत बना सकते हैं। इसके अतिरिक्त यह मोतियाबिंद और उम्र से संबंधित आंखों की समस्याओं के जोखिम कम करने में भी सहायक हो सकता है।

मधुमेह को नियंत्रित रखने में सहायक

कंटोला के हाइपोग्लाइसेमिक गुण इंसुलिन संवेदनशीलता और इंसुलिन स्राव दोनों में सुधार करने में मदद करते हैं, जो मधुमेह नियंत्रित करने में सहायता कर सकता है। यह अग्नाशयी बीटा कोशिकाओं की सुरक्षा और पुनर्जनन में भी मदद करता है। इसकी उच्च पानी और फाइबर सामग्री ब्लड शुगर के स्तर को कम करने में भी मदद कर सकती है, जिससे यह मधुमेह के रोगियों के लिए एकदम सही है। यह सब्जी आपके ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में भी सहायक है।

## थाई हाई स्लिट स्कर्ट में हुमा कुरैशी ने गिराईं हुस्न की बिजलियां

एक्ट्रेस हुमा कुरैशी की बहुचर्चित वेब सीरीज महारानी सीजन 2 के बाद लोगों के दिलों पर इस कदर छाईं कि फैंस उनके अभिनय की तारीफ करते नहीं थकते हैं। वहीं, एक्ट्रेस सोशल



मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। वहीं, एक्ट्रेस हुमा कुरैशी की लेटेस्ट तस्वीरों ने सोशल मीडिया पर धमाल मचा रखा है। ब्लैक कलर की थाई हाई स्लिट स्कर्ट में एक्ट्रेस हुमा कुरैशी बेहद ही स्टनिंग लग रही हैं। पिंक कलर के क्रॉप टॉप में एक्ट्रेस हुमा कुरैशी अपनी ग्लैमरस अदाएं बिखेरती नजर आ रही हैं। न्यूड मेकअप और ग्लॉसी लिपस्टिक में एक्ट्रेस हुमा कुरैशी गजब की बला लग रही हैं। हाई स्लिट स्कर्ट में हुमा कुरैशी अपनी टोंड लेग्स फ्लॉन्ट कर रही हैं। दमदार अभिनय के दम पर हुमा कुरैशी की पॉपुलैरिटी बढ़ती जा रही हैं। लेटेस्ट तस्वीरों में हुमा कुरैशी लाइट ग्रीन कलर की वन पीस ड्रेस में बेहद खूबसूरत और हॉट लग रही हैं। हुमा कुरैशी अपने खूबसूरत अंदाज और ग्लैमरस लुक से महफिल लूटती हुईं नजर आ रही हैं। हुमा कुरैशी सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। वो अक्सर अपनी निजी और प्रोफेशनल लाइफ से जुड़े पलों को फैंस के साथ साझा करती रहती हैं। एक्ट्रेस बहुत जल्द नेटफ्लिक्स की अगली फिल्म मोनिका ओ माय डार्लिंग में भी नजर आई हैं।




## प्रियंका चोपड़ा ने रखी छेल्लो शो की स्क्रीनिंग, प्रोड्यूसर डेविड डबिन्सकी ने दिखाई झलक



अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा बॉलीवुड के बाद हॉलीवुड में भी अपना नाम बना चुकी हैं। वह एक ग्लोबल आइकॉन हैं। अंतरराष्ट्रीय पटल पर वह भारतीय फिल्म इंडस्ट्री का प्रतिनिधित्व करती हैं। हाल ही में उन्होंने लॉस एंजेलिस में भारतीय फिल्म छेल्लो शो (लास्ट फिल्म शो) की स्क्रीनिंग का आयोजन किया। इसमें फिल्म और मीडिया जगत के जाने–माने लोगों ने शिरकत किया। अभिनेत्री द्वारा पान नलिन की इस फिल्म की स्क्रीनिंग की सोशल मीडिया पर चर्चा हो रही है।

प्रोड्यूसर डेविड डबिनस्की ने कार्यक्रम से कई तस्वीरें और वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए हैं। इन वीडियो में प्रियंका भारत के बारे में लोगों को बताती नजर आ रही हैं। उनके आलीशान घर की झलकियां भी दिखाई दे रही हैं। डेविड ने कैप्शन में फिल्म के बारे में बताया। उन्होंने लिखा कि यह भारत के एक ग्रामीण लड़के की कहानी है, जिसे बड़े पर्दे पर फिल्म देखना अच्छा लगता है, लेकिन डिजिटल प्रोजेक्शन सारा खेल बदल देता है। इस फिल्म के निर्देशक पान नलिन तो निर्माता सिद्धार्थ रॉय कपूर हैं। फिल्म में भाविन राबरी, भावेश श्रीमाली, ऋचा मीणा और दीपेन रावल लीड रोल में हैं। छेल्लो शो का प्रीमियर 10 जून, 2021 को 20वें त्रिबेका फिल्म फेस्टिवल में भी हुआ था। इस फिल्म फेस्टिवल में जाने वाली यह पहली गुजराती फिल्म है। मासूमियत, वास्तविकता और अलहदा तकनीक से सजी इस फिल्म की कहानी ने दुनियाभर के दर्शकों का दिल छू लिया। फिल्म नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। छेल्लो शो ऑस्कर में भारत की ओर से आधिकारिक प्रविष्टि थी, जिसे बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म श्रेणी के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। इसके अलावा एसएस राजामौली की फिल्म आरआरआर के नाटु–नाटु म्यूजिक (ओरिजिनल सॉन्ग) श्रेणी में शॉर्टलिस्ट किया गया है। इसके अलावा शौनक सेन की डॉक्युमेंटरी ऑल दैट ब्रीद्स भी ऑस्कर की रेस में आगे बढ़ी है। इनको लेकर भारतीय दर्शकों में खासा उत्साह है। अब ऑस्कर के लिए फाइनल नॉमिनेशन की घोषणा का इंतजार है। प्रियंका चोपड़ा ने बॉलीवुड में अंदाज, ऐतराज, सलाम–ए–इश्क, कृष, मुझसे शादी करोगी, बर्फी, डॉन जैसी चर्चित फिल्मों ने नाम कमाया। इसके बाद प्रियंका ने टीवी सीरीज क्वॉन्टिको से हॉलीवुड में अपने सफर की शुरुआत की थी। यह सीरीज डिज्नी हॉटस्टार पर उपलब्ध है। काम के सिलसिले में अमेरीका में ही बस गईं। दिसंबर 2018 में उन्होंने लोकप्रिय अमेरिकी सिंगर निक जोनस से शादी की थी। उनकी अगली बॉलीवुड फिल्म जी ले जरा काफी समय से लंबित है।

## वेब सीरीज ट्रायल बाय फायर का ट्रेलर रिलीज, नेटफ्लिक्स पर 13 जनवरी को होगी स्ट्रीम

बॉलीवुड अभिनेता अभय देओल और राजश्री देशपांडे की वेब सीरीज ट्रायल बाय फायर का ट्रेलर बुधवार को रिलीज कर दिया




गया है। यह सीरीज दिल्ली के उपहार सिनेमा अग्निकांड पर आधारित है। इस सीरीज को 13 जनवरी को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया जाएगा। प्रशांत नायर द्वारा निर्देशित इस सीरीज में राजश्री देशपांडे, अभय देओल, राजेश तैलंग, आशीष विद्यार्थी, अनुपम खेर, रत्ना पाठक, शिल्पा शुक्ला और शार्दुल भारद्वाज जैसे कलाकार नजर आएंगे। 1997 में दिल्ली के उपहार सिनेमा में फिल्म के शो के दौरान आग लग गई थी। इस हादसे में 59 लोगों की जान गई थी और 100 से अधिक घायल हुए थे। इस सीरीज में इसी भयावह घटना और उसके बाद के इंसाफ के लिए पीड़ितों की जद्दोजेहद को दिखाया जाएगा। यह सीरीज नीलम और शेखर की किताब ट्रायल बाय फायररू द ट्रैजिक टेल ऑफ द उपहार फायर ट्रैजडी पर आधारित है।

## स्विमिंग करने वाले अपनाएं ये 5 स्किन केयर टिप्स, मिलेंगे कई फायदे



बैक्टीरिया को दूर रखने के लिए अधिकांश स्विमिंग पूल में क्लोरीन युक्त पानी होता है। हालांकि, क्लोरीन त्वचा के संपर्क में आने पर इसकी सुरक्षात्मक प्राकृतिक तेलों को दूर करता है और इससे कई समस्याएं हो सकती हैं। इनमें रूखी त्वचा, श्चभ् स्तर का असंतुलित होना और चक्कते आदि। अगर आप रोजाना स्विमिंग करते हैं तो आइए आज हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताते हैं, जिन्हें अपनाकर आप अपनी त्वचा को क्लोरीन युक्त पानी के नुकसान से बचा सकते हैं।

वाटरप्रूफ सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें: क्लोरीन के प्रभाव से बचने के लिए वाटरप्रूफ सनस्क्रीन का इस्तेमाल करना अच्छा है। सनस्क्रीन त्वचा के ऊपर एक सुरक्षात्मक परत बनाएगा और क्लोरीन को त्वचा के अंदर सूखने से रोकेगा। लाभ के लिए स्विमिंग करने से लगभग 15 मिनट पहले त्वचा पर सनस्क्रीन लगाएं। यह आपकी त्वचा को सनब्लॉक को अवशोषित करने के लिए पर्याप्त समय देगा, जिससे एक मजबूत सुरक्षात्मक परत बन जाएगी।

बिना क्लोरीन वाले पानी से नहाएं: अगर आप स्विमिंग से पहले सामान्य पानी से अपनी त्वचा को गीला कर लेते हैं तो इसकी मदद से क्लोरीन युक्त पानी को त्वचा में प्रवेश होने से रोका जा सकता है। यह तरीका आपकी त्वचा की कोशिकाओं को हाइड्रेट करने में भी मदद करेगा और आपके सन–ब्लॉक बैरियर को मजबूत करेगा। लाभ के लिए सामान्य तापमान वाले पानी से नहाएं।

शरीर को हाइड्रेट रखें: ध्यान रखें कि स्विमिंग के दौरान आपकी त्वचा में पानी की कमी नहीं होनी चाहिए। इसके लिए स्विमिंग करते समय बीच–बीच में थोड़ा पानी पीते रहें और यह भी सुनिश्चित करें कि आप पूरे दिन पर्याप्त पानी का सेवन करते हैं। इससे आपकी त्वचा स्वस्थ रहेगी और पूल के पानी को अवशोषित करके नमी की कमी को पूरा नहीं कर पाएगी। आपकी हाइड्रेट त्वचा अतिरिक्त मात्रा में क्लोरीन को अवशोषित नहीं कर पाएगी।

पूल से निकलने के बाद जरूर नहाएं: यह महत्वपूर्ण है कि आप पूल से बाहर निकलते ही गर्म पानी से नहा लें। यह आपके रोमछिद्रों को खोलने में मदद करेगा ताकि उनकी पूरी तरह से सफाई हो सके। अपने शरीर को साफ करने के लिए एंटी–क्लोरीन साबुन का इस्तेमाल करें, वहीं अपने बालों को भी अच्छी तरह धो लें। अंत में सामान्य पानी से त्वचा को गीला कर लें। टैलकम पाउडर और मॉइस्चराइजर जरूर लगाएं: नहाने के बाद अंडरऑमर्स जैसे जगहों में टैल्कम पाउडर लगाने से गीले शरीर को जल्दी सूखने में मदद मिलेगी। यह आपकी त्वचा पर मौजूद किसी भी क्लोरीन तत्व को दूर करने में भी मदद करेगा। इसके बाद अपनी पूरी त्वचा पर एक अच्छा हाइड्रेटिंग मॉइस्चराइजर लगाएं और अपनी त्वचा को स्वस्थ रखने के लिए नियमित रूप से इसका इस्तेमाल करते रहें।